उज्जैन
गुरुवार
11
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-39
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



खाना खाने के बाद फ्लाइट में बेहोश हुईं नीलम कोठारी बोलीं- एयरवेज की बड़ी लापरवाही, किसी क्रू मेंबर ने मदद नहीं की

पेज- 8

## 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपए) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डॉलर देना होगा। ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डॉलर (42 करोड़ रुपए) रखी थी। सितंबर में इसे घटाकर 1 मिलियन डॉलर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है।

## फ्लाइट उड़ने में 15 मिनट की देरी की जांच होगी

**नई दिल्ली।** देश के विमानन सेक्टर में पहली बार तकनीकी खामियों की निगरानी का पूरा ढांचा तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है। उड़ानों में लगातार देरी, कैंसिलेशन और हालिया सुरक्षा घटनाओं ने डीजीसीए को डिफेक्ट रिपोर्टिंग सिस्टम को जड़ से सख्त करने के लिए मजबूर किया है। 12 पेज के नए आदेश के मुताबिक अब किसी भी निर्धारित उड़ान में तकनीकी कारण से 15 मिनट या उससे ज्यादा की देरी होती है तो उसकी जांच अनिवार्य होगी। कंपनी को बताना होगा कि देरी क्यों हुई? उसे कैसे ठीक किया गया? दोबारा न होने के लिए क्या उपाय किए? ये ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले लागू नहीं थे। कंपनी को किसी भी मेजर डिफेक्ट की तुरंत सूचना डीजीसीए को फोन पर देनी होगी। 72 घंटे में विस्तार से रिपोर्ट भेजनी होगी।

## रूस की जमीन कब्जाने की फिराक में चीन, बॉर्डर के आसपास की जमीन लीज पर ले रहा



**बीजिंग/मॉस्को।** रूस के साइबेरियाई इलाके व्लादिवोस्तोक और अमूर ओब्लास्ट के एक आईलैंड पर चीन की नजर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह इन दोनों इलाकों पर अपना कब्जा जमाने के लिए दावा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक के मुताबिक चीनी सरकार रूस की सीमा के पास कृषि भूमि खरीद रही है और लंबे वक्त के लिए लीज पर ले रही है। हाल में ऐसे मामले बढ़े हैं। ये दोनों इलाके पहले चीन के किंग साम्राज्य का हिस्सा रह चुके हैं। लगभग 150 साल पहले 19वीं सदी में किंग राजवंश ने इन दोनों इलाकों को रूसी साम्राज्य को सौंप दिया था।

## गोवा अग्निकांड, क्लब मालिकों के पासपोर्ट सस्पेंड

**नई दिल्ली।** गोवा पुलिस ने बिर्च नाइट क्लब के मालिक लूथरा बद्रर्स, सौरभ और गौरव लूथरा के पासपोर्ट सस्पेंड कर दिए हैं। नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई देश छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। राज्य सरकार ने बुधवार को विदेश मंत्रालय से लूथरा बद्रर्स के पासपोर्ट सस्पेंड करने की अपील की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पासपोर्ट एक्ट 1967 की धारा 10ए के तहत केंद्र सरकार या उसका नियु अधिकारी किसी का पासपोर्ट सस्पेंड कर सकता है। जिसका पासपोर्ट सस्पेंड किया गया है, वह उस पासपोर्ट पर देश से बाहर नहीं जा सकता।

### हनुमानगढ़ में फैक्ट्री का विरोध

# राजस्थान में भड़के किसान

## विधायक का सिर फूटा, इंटरनेट बंद, ऑफिस फूंका, 14 गाड़ियां भी जलाई

ब्रह्मास्त्र ›› हनुमानगढ़





हनुमानगढ़ में एथेनॉल फैक्ट्री को लेकर हो रहे विरोध-प्रदर्शन में आज तनाव बढ़ने की आशंका है। कांग्रेस नेताओं और किसानों ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

गुरुवार सुबह से किसानों का प्रदर्शन स्थल के पास के गुरुद्वारे में पहुंचना शुरू हो गया है। आज भी जिले के टिब्बी क्षेत्र में इंटरनेट बंद है। बुधवार को किसानों ने जिले के राठीखेड़ा गांव में निमार्णाधीन ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री की दीवार तोड़ दी। इसके बाद भड़की हिंसा में जमकर आगजनी-पत्थरबाजी हुई।

लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने से गुस्साए किसानों ने 14 गाड़ियों को फूंक दिया। कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया को भी लाठीचार्ज में सिर पर चोट लगी है। हिंसा में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। वहीं, तनाव के चलते इस एरिया में स्कूल-कॉलेज और इंटरनेट बंद रहे।

### क्या है पूरा मामला?

**एथेनॉल प्लांट का निमार्ण:** चंडीगढ़ में रजिस्टर्ड ड्यून इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी राठीखेड़ा में 40 मेगावाट का अनाज आधारित एथेनॉल प्लांट लगा रही है। कंपनी का दावा है कि यह प्लांट केंद्र के एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल प्रोग्राम को सपोर्ट करेगा।
**कंपनी का एनवायर्नमेंट क्लियरेंस पेंडिंग:** कंपनी को प्लांट के लिए जरूरी एनवायर्नमेंट क्लियरेंस नहीं मिला है। इसका आवेदन 2022 से पेंडिंग है। बिना पर्यावरण मंजूरी के निर्माण कार्य होने से इलाके के किसान विरोध में हैं।
**विरोध में फैक्ट्री की दीवार तोड़ी:** बुधवार दोपहर किसानों ने टिब्बी एसडीएम ऑफिस के सामने बड़ी सभा की। शाम करीब 4 बजे सैकड़ों किसान ट्रैक्टर लेकर फैक्ट्री साइट पर पहुंच गए। दीवार तोड़ दी गई और पुलिस से झड़प शुरू हो गई।




आज के अंक के साथ श्री राम मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर निःशुल्क प्राप्त करें। अन्य दो कैलेंडर भी निःशुल्क बहुत जल्द आपके हाथों में आने वाले हैं।

## कुछ राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन बढ़ सकती है

**नई दिल्ली।** केरल को छोड़कर देश के 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के फॉर्म जमा करने की आज आखिरी तारीख है। चुनाव आयोग के अधिकारी गुरुवार को फॉर्म डिजिटाइजेशन और जमा करने की प्रोग्रेस का रिव्यू करेंगे।

## 21 महीने की उम्र में वेदा ने 100 मीटर तैराकी पूरी की, रिकॉर्ड बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई



महाराष्ट्र के रत्नागिरी की वेदा परेश सरफरे ने सिर्फ 1 साल 9 महीने और 10 दिन की उम्र में 100 मीटर तैराकी पूरी कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वेदा ने रत्नागिरी के म्युनिसिपल स्विमिंग पूल में 25 मीटर के चार लैप्स सिर्फ 10 मिनट 8 सेकंड में पूरे किए। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इसे आधिकारिक रूप से मान्यता दी है।

## रूस के मार्केट में आग लगी, कई धमाके हुए, एक व्यक्ति की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› पीटर्सबर्ग

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर के नेवस्की इलाके के सबसे बड़े बाजार प्रावोबेरेज्नी मार्केट में बुधवार शाम को भयानक आग लग गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। आग लगते ही कई जोरदार धमाके हुए, जिससे वहां मौजूद हजारों लोग भागने लगे। बाजार से काला धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। रूस के आपातकालीन मंत्रालय के अनुसार, आग ने करीब 1500 वर्ग मीटर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया और इमारत का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया।

### भारतीय किसान संघ की 7 दिनी चेतावनी पूर्ण

# प्रदेश सरकार टस से मस नहीं

## किसानों में एक ही चर्चा संघ मैदान में उतरेगा या फिर वार्ता की पहल होगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र में लैंड पुलिंग कानून निरस्त को लेकर भारतीय किसान संघ एवं मध्यप्रदेश सरकार के बीच तनाव बढता जा रहा है। किसान संघ ने सरकार को 7 दिन की चेतावनी देते हुए निरस्त आदेश जारी करने की मांग की थी अन्यथा बडे आंदोलन का कहा था।चेतावनी के 7 दिन बीत चुके हैं और सरकार टस से मस नहीं हैं। इसे लेकर किसानों में अब एक ही चर्चा है कि संघ आंदोलन के लिए मैदान में उतरेगा या फिर से वार्ता की पहल होगी।

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग निरस्त करने को लेकर भारतीय किसान संघ ने आंदोलन छेड रखा था। 18 नवंबर से विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन पर किसानों ने अपने आंदोलन के तहत घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन की घोषणा कर दी थी। इसके एक दिन पहले किसान संघ को भोपाल बुलाकर सरकार एवं किसान नेताओं के बीच चर्चा हुई थी। इसमें सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग निरस्त करने की घोषणा दोनों पक्षों ने की थी। सरकार की और से भी किसानों के सम्मान में निरस्त की घोषणा की गई थी,लेकिन दो दिन बाद योजना को लेकर संशोधन जारी किया गया था। इसे लेकर किसान संघ में खासी नाराजगी रही थी। तब से ही किसान संघ निरस्त आदेश की मांग कर रहा है।

### दो बार चेतावनी,सरकार नहीं टस से मस

लैंड पुलिंग निरस्त समझौते के बाद संशोधन आदेश से किसान संघ भी अचरज में आ गया था। उसकी और से तत्कालीन स्थिति में सरकार को साफ-साफ आदेश जारी करने के लिए दो दिन का समय दिया गया था। इसके बाद भी सरकार की और से कोई पहल नहीं की गई ।3 दिसंबर को किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने इस पर सरकार को चेतावनी देते हुए 7 दिन का समय देते हुए दिसंबर अंतिम में बडे आंदोलन की चेतावनी दी थी। किसान संघ की दुसरी चेतावनी भी सरकार पर बेअसर साबित हुई ।



## खबर एक नजर...

### होमगार्ड सैनिकों ने क्षिप्रा नदी में कूदकर बचाई 3 जान



**उज्जैन।** देशभर से आस्था का नहान करने क्षिप्रा नदी आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये घाटों पर होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों की तैनाती कई है। जवानों द्वारा मुस्तैद रहकर क्षिप्रा में डूबते श्रद्धालुओं की जान बचाने का काम किया जा रहा है। बुधवार सुबह 9.30 बजे होमगार्ड जवानों ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। सैनिक ईश्वर चौधरी ने बताया कि आरती द्वार के सामने तीन महिलाओं को डूबता देख सैनिक आशीष चौहान ने तत्कान नदी में छलांग लगा दी। महिलाओं को बचाने के लिये ड्युटी पर तैनात सैनिक सन्नी परमार, सुरेश सोलंकी भी पहुंच गये। सभी की मदद से तीनों महिलाओं को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाल लिया गया। सैनिक ईश्वर ने बातया कि तीनों महिला महाराष्ट्र की रहने वाली है। 16 सदस्यों का दल धार्मिक यात्रा पर आया हुआ है। सुबह नहान के लिये सभी घाट पर पहुंचे थे। महिलाओं ने बताया कि वह पानी में डूबकी लगाने उतारी थी, उसी दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई, तीनों ने एक-दूसरे का बचाने का प्रयास भी किया लेकिन तैराना याद नहीं होने पर गहराई में चली गई थी। महिलाओं के परिजनों ने तीनों की जान बचने पर होमगार्ड सैनिकों का आभार माना।

### फलों के रस से रुद्राभिषेक, मखमली पोशाक धारण करेंगे हनुमानजी



**उज्जैन।** आगर रोड, गाड़ी अड्डा चौराहा स्थित जेसी मिल परिसर में अतिप्राचीन बाबा बाल हनुमान मंदिर पर रुद्राभिषेक और भंडारे के साथ हनुमान अष्टमी महापर्व का शुभारंभ होगा। पुजारी रूपेश मेहता ने बताया कि बाबा बाल हनुमान मंदिर पर अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई हैं। 12 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 6 बजे बाल हनुमानजी का दूध, पंचामृत, गंगाजल, केसर, फलों के रस और दुर्लभ जड़ी-बुटियों से रुद्राभिषेक किया जाएगा। पश्चात जरीदार, मखमली पोशाक वस्त्र धारण कराकर आकर्षक मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रसादी प्रारंभ होगी। दोपहर 3 बजे सुंदरकांड किया जाएगा और शाम 6 बजे मंदिर बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में महाआरती की जाएगी।

### फ्रीगंज ओवरब्रिज निर्माण : रेलवे का पुल तोड़ रहे, हादसे का खतरा

**उज्जैन।** फ्रीगंज ओवरब्रिज के पैरेलल एक नया पुल बनाया जा रहा है। इससे आने और जाने में आसानी होगी। हमेशा लगने वाले जाम से भी इससे मुक्ति मिल सकेगी। साथ ही सिंहस्थ में भी आवागमन में आसानी होगी। इसके चलते रेलवे का पैदल पुल को तोड़ा जा रहा है। इस दौरान निकलने वाली पैसेंजर और मालगाड़ी ट्रेन हादसे का शिकार हो सकती है। इस संबंध में ठेकेदार ने बताया कि इस रूट की लाइन को 24 घंटे के लिए बंद किया जाएगा।

### बंगाल की खाड़ी बने चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से हवा का रूख बदला, न्यूनतम पारा 8.7 पर

# आगामी दिनों में 'दित्वा तूफान' का असर

## मौसमी फलों की बहार आने लगी अमरूद, पपीता, चीकू, संतरा की आवक बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। दिसंबर में कड़ाके की ठंड के आसार बराबर बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को न्यूनतम पारा इस सर्द सीजन में पहली बार 8.7 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम दित्वा से आने वाले दिनों में शीतलहर की स्थिति और तेज होने की संभावना है।

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं को ' दित्वा तूफान ' का भी साथ मिल सकता है। ऐसे में शीतलहर बढ़ रही है और तापमान गिरने की स्थिति बन रही है। न्यूनतम तापमान में गिरावट बनी हुई है तो अधिकतम तापमान दिन में सूरज की तपन से कम ज्यादा हो रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया है। श्रीलंका में चक्रवाती तूफान आया है जिसे दित्वा का नाम दिया गया है। इसने वहां भारी तबाही मचाई हुई है इसके बाद भारत की तरफ बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक इसका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। जिससे बारिश और ठंडी हवाएं चलने की संभावना जताई जा रही है। अगले कुछ दिनों तक शीतलहर का असर जारी रहेगा-मौसम विभाग के अनुसार भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर का असर बना रहेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाएं और बंगाल की खाड़ी में हो रही चक्रवाती गतिविधियां प्रदेश में ठंड को और बढ़ा सकती हैं। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक अगले 2-3 दिनों में तापमान में और भारी गिरावट आने वाली है, जिससे ठिठुरन कई गुना बढ़ जाएगी।

### अमरूद, पपीता, चीकू की मांग बढ़ी

शहर में पहाड़ों की बर्फीली हवा ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी है। फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में मौसमी फलों की बहार आ गई हैं। मंडी में फलों की भरपूर आवक बनी हुई हैं। ठंड को देखते हुए ग्राहक मौसमी फलों जैसे पपीता, अमरूद, बोर, चीकू, संतरा, मौसंबी, नारियल, सीताफल सहित अन्य फलों की खूब खरीदी कर रहे हैं। थोक फल व्यापारियों के अनुसार जब से मौसम में ठंडक बढ़ी है, मंडी में मौसमी फलों की बहार आ गयी है। बढ़िया क्वालिटी के अमरूद की आवक अच्छी बनी हुई है। इसे ग्राहक भी ठंड में खूब पसंद कर रहे हैं। मंडी में अमरूद (जाम) की निमाड़ और रतलाम क्षेत्र से रोजाना आवक हो रही हैं। इसकी जबर्दस्त मांग बनी हुई हैं। ठंड में इसे खाना ग्राहक बेहद पसंद करते हैं क्योंकि इससे पाचन भी बढ़िया होता है। पपीते की मांग भी अच्छी बनी हुई है। पपीता मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश से आ रहा हैं। इसी प्रकार गुजरात से चीकू की आवक हो रही हैं जो थोक में 300 से 500 रुपए प्रति बॉक्स बिक रहा है।

- **सूखा मेवा की मांग तेज हुई-** ठंड बढ़ने के साथ ही बाजार में ड्रायफ्रूट की मांग भी बराबर बढी है। खारक, बादाम, अंजीर सहित अन्य ड्रायफ्रूट की खरीद लोग कर रहे हैं। शरीर को गर्मी पहुंचाने के लिए दूध में केसर का सेवन भी किया जाने लगा है। इसके चलते केसर की मांग भी बनी है।
- **शाम से हवाएं गति पकड़ रही-** शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्तमान में दिन में हवाओं की गति शून्य रहती है और शाम ढलते-ढलते हवाओं में गति आ जाती है वैसे अभी यह गति बहुत नहीं है सामान्य ही है लेकिन ठंडी हवाओं के होने से इसका असर बन रहा है। बुधवार को हवाओं की गति शाम को 4 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है। सुबह न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री एवं शाम को अधिकतम 29 डिग्री दर्ज किया गया।

# भगवान महाकाल को अब नहीं चढ़ेगी भारी भरकम फूलमाला

### प्रशासक ने 1 जनवरी से प्रतिबंध लगाया, 500 से 2100 रुपए तक बिकती थी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर भारी भरकम चढ़ने वाली फूल माला (अजगर माला) और मुण्डमाल पर मंदिर समिति ने प्रतिबंध लगा दिया है। एएसआई और जीएसआई की गाइड लाइन का ध्यान रखते हुए करीब 10 किलो से अधिक वजनी मालाओं पर शिवलिंग क्षरण रोकने के लिए मंदिर समिति ने ये फैसला किया है। 1 जनवरी से कोई भी भक्त भगवान महाकाल को 10 से 15 किलो वजनी माला अर्पित नहीं कर सकेंगे।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 1 जनवरी 2026 से भगवान महाकाल को चढ़ने वाली फूलों की बड़ी व भारी माला अर्पित करने पर रोक लगा दी है। मंदिर प्रशासक के आदेश के बाद आगामी नए वर्ष के पहले दिन से इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसके लिए अभी महाकाल मंदिर परिसर में उद्घोष हो रहा है कि भगवान के लिए अजगर माला नहीं खरीदें। साथ ही कक्ष से भक्तों को नए नियम की जानकारी देने के लिए लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है। मंदिर के आसपास फूल प्रसाद की दुकान संचालित करने वाले व्यवसायियों को मंदिर समिति ने बता दिया है कि फूलों की भारी व बड़ी माला ना तो बनाए और न ही विक्रय करे।

#### भक्त पुजारी को देते थे चढ़ाने के लिए

- 500 से 2100 रुपए तक बिकने वाली इन अजगर मालाओं को भक्त खरीद कर शिवलिंग को अर्पित कर रहे थे। भक्त पुजारी को देते और पुजारी भगवान महाकाल को पहना देते थे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल मंदिर के शिवलिंग पर चढ़ने वाले भारी अजगर माला पर आगामी एक जनवरी से प्रतिबंधित कर दिया है।
- **500 से 2100 रुपए में मिलती 10 माला-** पिछले कुछ वर्षों से महाकाल मंदिर के बाहर फूलों की दुकान पर 500 से 2100 रुपए में मिलने वाली अजगर माला को भक्त खरीदकर भगवान को अर्पित कर रहे थे। ये माला फूलों की मोटी व बड़ी माला होती है, जिनका 10 से 15 किलो तक होता था। नया नियम लागू होने के बाद मंदिर के विभिन्न द्वारों पर तैनात गार्ड भक्तों द्वारा भगवान को अर्पण करने के लिए लाई जा रही पूजन सामग्री की जांच करेंगे। बड़ी व भारी फूल माला को गेट पर ही अलग रखवा दिया जाएगा।
- **क्षरण रोकने के लिए किए उपाय-** सुप्रीम कोर्ट ने ज्योतिर्लिंग महाकाल के क्षरण की जांच तथा उसे रोकने के उपाय करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) तथा भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की टीम गठित की थी। विशेषज्ञों ने ज्योतिर्लिंग की सुरक्षित रखने के लिए कई सुझाव दिए। इसमें एक सुझाव भगवान महाकाल को फूलों की छोटी माला तथा समिति मात्रा में फूल अर्पण का था।

# राजसी पोशाक मे दर्शन देंगे उत्तरामुखी हनुमान

### महाआरती के समय रंगारंग आतिशबाजी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



हनुमान अष्टमी पर्व पर शहर के हनुमान मंदिरों की छटा निराली रहेगी। विभिन्न मंदिरों मे तैयारियां अपने अंतिम दौर मे हैं। अंकपात स्थित प्राचीन उत्तरामुखी मंदिर मे अष्टमी के वैशिष्ट्य को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं।

**चार क्विंटल विदेशी पुष्पों से सजेगा दरबार-** बाबा मारूति का दरबार लगभग चार क्विंटल विदेशी पुष्पों से सजाया जाएगा। उत्तरामुखी हनुमान मंदिर के पं अमिष पाठक (गोलू गुरू) ने बताया कि फूलों का आर्डर दे दिया गया है। अष्टमी तिथि शुक्रवार को बाबा हनुमान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। बाबा उत्तरामुखी को राजसी पोशाक धारणा करवाई जाएगी। इस सुअवसर पर जो पोशाक पहनाई जाएगी वो स्वयं गोलू गुरू ने तैयार की है। ब्राजील व थाईलैण्ड के सुन्दर फूलों से दरबार सजाया जाएगा। मंदिर के चहुंओर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।

**रंगारंग आतिशबाजी रहेगी आकर्षण** - शुक्रवार को रात आठ बजे बाबा उत्तरामुखी की विशेष महाआरती होगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर मे रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन होगा। ये महाआरती वर्ष भर मे एक ही बार हनुमान अष्टमी पर होती है।


**चौपाई पाठ व हवन-** गुरूवार सप्तमी के दिन मंदिर परिसर मे रामायण की चौपाइयों का सस्वर पाठ होगा और हवन पूजन होगा। पूरा मंदिर सजधज के तैयार है।

**हनुमान अष्टमी पर भंडारा-** गोलू गुरू ने बताया कि अष्टमी की रात्रि मे ही अन्नकूट व सार्वजनिक भंडारा मंदिर क्षेत्र मे आयोजित होगा जिसमे स्वादिष्ट व्यंजन व प्रसादी आगंतुक अतिथियो को परोसी जाएगी।

**हनुमानजी के उज्जैन आगमन का दिवस-** पूरे देश मे बाबा महाकाल की नगरी ही एकमात्र स्थान है जहां हनुमान अष्टमी पूरे उत्साह व उमंग से मनाई जाती है। लोकमान्यता है कि इसी दिन बाबा हनुमान भगवान राम के राज्याभिषेक के लिए महाकाल मंदिर स्थित कोटितीर्थ का पावन जल लेने शिव की इस मनोहारी नगरी मे आए थे। बजरंगबली के शहर आगमन को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए ही हनुमान अष्टमी मनाई जाने लगी।

उज्जैन
गुरुवार
11
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### दंपति ने की लाखों रुपए की धोखाधड़ी, निवेश पर 3 से 7 प्रतिशत तक रिटर्न का वादा

**इंदौर।** इंदौर के खजराना क्षेत्र में रहने वाले एक दंपती पर लोगों से लाखों रुपए ठगने का आरोप लगा है। आरोप है कि दंपती ने तंजील इंटरप्राइजेस नाम की फर्म के जरिए निवेश पर दोगुना मुनाफा देने का लालच देकर लोगों से पैसे लिए और बाद में फरार हो गए। टीआई मनोज संेधव के अनुसार, शोएब हुसैन सहित सात लोगों की शिकायत पर फर्म के प्रोप्रायटर मोहम्मद तबरेज खान और उनकी पत्नी फिरदोस खान, निवासी इलियास कॉलोनी, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि तबरेज ने बैंक से ज्यादा मुनाफा देने का दावा किया था। निवेश पर 3 से 7 प्रतिशत तक रिटर्न और जरूरत पड़ने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त फायदा देने का वादा किया गया। आरोपी ने खुद को लंबे समय से लोडिंग अनलोडिंग के कारोबार में होना बताया और सांवेर रोड स्थित एक गोदाम दिखाकर भरोसा भी दिलाया। आरोप है कि तबरेज ने एक वॉट्सऐप ग्रुप का नंबर दिया, जिसमें करीब 150 लोग जुड़े होने की बात कही गई। इसके बाद अलग-अलग लोगों से रकम ली गई। अक्टूबर के बाद आरोपी दंपती ने मोबाइल बंद कर लिया और पैसे लेकर फरार हो गए।

### रेडीमेड शॉप मालिक ने की छेड़छाड़, समझाने पर गलत तरीके से छूआ

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआ इलाके में रहने वाली एक फामेर्सी स्टूडेंट ने रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाले युवक के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। स्टूडेंट मूल रूप से दमोह की रहने वाली है और इंदौर में पढ़ाई के लिए होस्टल में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार रात आरोपी ने राजबाड़ा इलाके में रास्ता रोककर फिर से बात करने का दबाव बनाया। इससे परेशान होकर वह सीधे थाने पहुंची और स्नेहनगर निवासी राज खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अगस्त 2024 में वह भंवरकुआ स्थित आरोपी की दुकान से कपड़े खरीदने गई थी। बाद में कपड़े एक्सचेंज कराने पहुंची, इसी दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद वह लगातार कॉल और मैसेज कर परेशान करने लगा। स्टूडेंट का आरोप है कि आरोपी होस्टल के बाहर खड़ा रहने लगा और आते-जाते उसका पीछा करता था। कुछ महीने पहले उसे समझाने के लिए भोलाराम उस्ताद गार्डन में मुलाकात हुई, जहां आरोपी ने गलत तरीके से छूने की कोशिश की और दोस्ती करने का दबाव बनाया। मना करने पर जान से मारने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी गई।

### हाई कोर्ट ने मुख्य अभियंता पद पर काम करने पर लगाई अंतरिम रोक

**इंदौर।** हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मध्यप्रदेश भवन विकास निगम में मुख्य अभियंता पद पर की गई नियुक्ति पर अंतरिम रूप से रोक लगा दी है। यह आदेश भूपेंद्र सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया, जिसमें नियुक्ति की वैधता और पात्रता पर गंभीर आपत्ति उठाई गई थी। न्यायालय ने बताया कि 25 नवंबर 2025 को पारित अंतरिम आदेश में पहले ही निर्देश दिया गया था कि श्रीवास्तव को उस पद पर कार्य करने या अपने दायित्व निभाने की अनुमति न दी जाए, जिसके लिए उनका चयन या नियुक्ति की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि महाप्रबंधक (तकनीकी/सिविल) पद की पात्रता मानकों के अनुसार श्रीवास्तव योग्य नहीं हैं। वहीं श्रीवास्तव की ओर से दलील दी गई कि भवन विकास निगम में महाप्रबंधक (तकनीकी) का पद 19 सितंबर 2024 से 29 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित है और नियम पुस्तिका के अनुसार यह पद मुख्य अभियंता के समकक्ष है।

# रणजीत हनुमान सिर्फ आस्था नहीं, समाज सेवा का भी केंद्र

## रोज 2,000 लोगों को भोजन, थैलेसीमिया बच्चों को हर महीने पहुंचाते हैं 5 लाख की दवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र रणजीत हनुमान मंदिर में दान की राशि से कई सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। यहां आने वाले दान को लोगों की सेवा और कल्याणकारी कामों में लगाया जाता है। इन सेवा प्रकल्पों में कई काम पिछले कई सालों से निरंतर जारी हैं। इनमें रोजाना सैकड़ों भक्तों को भोजन कराना, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को हर महीने लगभग 5 लाख रुपए की दवाएं उपलब्ध कराना, और रोजाना शाम को बच्चियों को नाश्ता भेजना शामिल है। बाबा रणजीत के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचते हैं।




मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को हर महीने महंगे इंजेक्शन और दवाएं लगती हैं। इसी को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने 2020 में एक विशेष योजना शुरू की। इस योजना में सीमित बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, और इन्हीं बच्चों को हर महीने दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस पर हर महीने साढ़े चार लाख रुपए से अधिक खर्च किया जाता है। वर्तमान में 29 बच्चे रजिस्टर्ड हैं, जिन्हें दवाएं दी जाती हैं। इसके लिए दो व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें से एक स्वयं थैलेसीमिया पीड़ित है। रजिस्ट्रेशन के लिए बच्चों के दस्तावेज, डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन आदि की जांच की जाती है। इसके बाद सूची को एसडीएम, एडीएम और कलेक्टर द्वारा स्वीकृत करवाया जाता है। एक बच्चे को 3 हजार से 15 हजार रुपए तक की दवा दी जाती है। यह संपूर्ण योजना मंदिर में आने वाले दान से संचालित होती है। पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि मंदिर में अन्नक्षेत्र का संचालन किया जाता है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 800 श्रद्धालु भोजन करते हैं। पहले अन्नक्षेत्र जर्जर स्थिति में था, महीने के अंत में इसकी सफाई होती थी और भक्त भोजन करते थे। बाद में 2013 में नवनिर्मित अन्नक्षेत्र की शुरूआत की गई, जो आज भी निशुल्क संचालित है। इसके अलावा रोजाना 500 होस्टल की बच्चियों को निशुल्क नाश्ता पहुंचाया जाता है। यह व्यवस्था कोविड काल में शुरू की गई थी। साल में समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किए जाते हैं, जिनमें भक्त मंडल सक्रिय रूप से भाग लेता है। पंडित व्यास ने बताया कि कोविड काल में भी अन्नक्षेत्र बंद नहीं हुआ था। उस समय प्रतिदिन लगभग 1200 भोजन पैकेट सेवा कार्यों में लगे लोगों तक पहुंचाए जाते थे। कोविड अवधि में कुल साढ़े तीन लाख से अधिक पैकेट मंदिर से वितरित किए गए।

### रणजीत हनुमान मंदिर में 51 हजार दीप जलाए, भक्त घरों से दीपक लेकर पहुंचे; फूलझड़ियां भी जलाईं, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में चल रहे चार दिवसीय रणजीत महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को 51 हजार दीप जलाए गए। मंदिर परिसर दीपोत्सव के चलते रोशनी से जगमगा उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने घरों से दीपक लेकर मंदिर पहुंचे और फूलझड़ियां भी जलाईं। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। जहां श्रद्धालु जमकर झूमें। यह 150 साल पुराना प्रसिद्ध मंदिर है, जहां 9 दिसंबर से महोत्सव की शुरूआत हुई। पहले दिन प्रशासक व कलेक्टर शिवम वर्मा ने 11 हजार ध्वजाओं का पूजन किया था।

**रेलिंग की डिवाइडर और बस स्टॉप के हटाने का काम तेज होगा**

## बीटीआरएस के सेंटर डिवाइडर का काम जल्द शुरू होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हाईकोर्ट की कड़ी फटकार के बाद बीटीआरएस की एक तरफ की रेलिंग तोड़ने का काम तेज हो गया है। नगर निगम अब तेजी से कार्रवाई करते हुए अगले दो से तीन दिनों में यह काम पूरा करने की तैयारी में है। इसके बाद सेंटर डिवाइडर निर्माण की शुरूआत की जाएगी। जानकारी के अनुसार निरंजनपुर और जीपीओ चौराहे दोनों ओर से एक साथ काम शुरू करने की योजना है।



हाईकोर्ट की टिप्पणी से पहले तक निगम द्वारा बीटीआरएस ढांचे को हटाने का काम काफी धीमी गति से चल रहा था। लेकिन अदालत के निदेर्शों के बाद कार्य में तेजी लाई गई है। जनकार्य समिति एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि बीटीआरएस की एक तरफ की रेलिंग तोड़ने का काम लगभग दो से तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद सेंटर डिवाइडर लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

**डिजाइन लगभग तय-** सेंटर डिवाइडर की डिजाइन लगभग अंतिम रूप में है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि बीटीआरएस रेलिंग हटने के बाद भी डिवाइडर संरचना और बस स्टॉप को हटाना बड़ी चुनौती होगी और इसमें समय लग सकता है। इसके बाद ही डिवाइडर का स्थायी निर्माण शुरू किया जा सकेगा।

**दो तरफ से शुरू होगा काम-** राठौर ने बताया कि दो ठेकेदार फर्मों को तय किया गया है जो एक साथ काम दोनों ओर से सेंटर डिवाइडर का काम शुरू करेंगी। एक निरंजनपुर चौराहे की तरफ से तो दूसरी जीपीओ चौराहे की तरफ से। सेंटर डिवाइडर में आकर्षक लाइट के साथ ही पौधे भी लगाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि सेंटर डिवाइडर को लेकर जल्द ही वर्कऑर्डर भी जारी कर दिया जाएगा।

## 24 घंटों में 918 चालान काटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में ट्रैफिक पुलिस हेलमेट पहनने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत कई बार बड़े आयोजन भी किए गए, जिनमें लोगों को समझाया गया, चालानी कार्रवाई की और हेलमेट भी बांटे गए। हालांकि, इसके बावजूद बड़ी संख्या में वाहन चालक अब भी बिना हेलमेट सड़क पर नजर आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में ट्रैफिक पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 918 दोपहिया चालकों के चालान किए। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई सड़क हादसों में सिर की चोट से होने वाली मौतों को रोकने के लिए की जा रही है। मंगलवार को सुबह से रात तक शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और व्यस्त सड़कों पर विशेष अभियान चलाया गया। इसी दौरान नो-पार्किंग में वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले 118 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। इनमें ऑटो, ई-रिक्शा, कार और बसें शामिल रहीं। इसके अलावा वन-वे में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग और अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 36 ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के चालान किए गए। वहीं, नो-एंट्री जोन में भारी वाहन लाने वाले 5 वाहन चालकों से 25 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया।

# इंदौर में गंदगी में बन रही थी गजक, फैक्ट्री सील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को सुमित गजक और कुल्फी पर कार्रवाई की। खातीपुरा स्थित कारखाने पर गंदगी में तिल और मूंगफली की गजक तैयार की जा रही थी। कारखाने के संचालक सुमित शिवहरे द्वारा कारखाने का फूड लाइसेंस नहीं लिया गया था।

**सुमित गजक और कुल्फी सेंटर पर कार्रवाई; मानपुर में अवैध यूरिया भी बरामद**



यहां से गुड़, तिल, तिल गजक एवं मूंगफली दाना पट्टी के नमूने जांच हेतु लिए गए। फूड लाइसेंस न होने के कारण फैक्ट्री को सील कर दिया गया। इसके के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने खातीपुरा स्थित गणभोग फूड्स का निरीक्षण किया गया। उक्त संस्थान से राजगीरा लड्डू एवं तिल लड्डू के नमूने जांच के लिए भेजे गए।

फिनिक्स सिटाडेल मॉल स्थित मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट से भी पनीर, चावल एवं मैदा के नमूने लिए गए हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

जिला प्रशासन की टीम ने मानपुर में माहेश्वरी एग्रो सेल्स के प्रतिष्ठान एवं गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रतिष्ठान के प्रोप्राइटर रजत अजमेरा द्वारा निमरानी खरगोन में अनुदान प्राप्त यूरिया का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। यहां यूरिया का विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा था।

उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महू ने मेसर्स माहेश्वरी एग्रो सेल्स धार रोड मानपुर के प्रोप्राइटर रजत अजमेरा पर पुलिस थाना मानपुर में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इसके साथ ही उर्वरक लाइसेंस भी निलंबित कर दिया गया है।

## खबर एक नजर...

### जलेबी उत्सव में 84 बैठकों के चित्रजी स्वरूप पर एक साथ करेंगे झारी चरण स्पर्श

उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मण्डल, महिला मण्डल एवं युवा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में वैष्णवाचार्य श्री श्री 1008 श्री विठ्ठलनाथजी (गुंसाईजी) का प्राक्ट्य उत्सव (जलेबी उत्सव) 14 दिसम्बर रविवार को मनाया जाएगा।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि श्री वल्लभ वैष्णव मंडल संस्थापक संयोजक विठ्ठल नागर के मार्गदर्शन में जलेबी उत्सव में आचार्य श्री महाप्रभुजी की बैठक में स्थित 84 बैठकों के चित्रजी स्वरूप पर एक साथ प्रथम बार झारी चरण स्पर्श एवं भोग धराने का भव्य महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। रविवार को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक झारी चरण स्पर्श होगा। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल अध्यक्ष आनंद पुरोहित, कोषाध्यक्ष मनीष नागर, सचिव जयेश श्रॉफ, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, कोषाध्यक्ष नीतिन नीमा, सचिव अमर दिसावल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल अध्यक्ष नुपूर नीमा, कोषाध्यक्ष कामिनी शाह, सचिव मनीषा नागर, समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा, हेतल शाह, संयोजक कृष्णवल्लभ व्यास, हेमंत कश्यप, पिंकी नागर, प्रज्ञा खण्डेलवाल, दीपिका नीमा, पंकज घाटिया, हेमन्त मेहता ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

### मिस इंडिया पोलैंड 2025 आयशा सना कुरैशी आयेंगी उज्जैन

उज्जैन। आलोक इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव सृजन 2025 में शहर का गौरव बढ़ाने वाली मिस इंडिया पोलैंड 2025, आयशा सना कुरैशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

हाल ही में आयशा सना कुरैशी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मिस इंडिया पोलैंड 2025 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर उज्जैन का नाम देश-विदेश में रोशन किया। प्रतियोगिता के टैलेंट राउंड में उन्होंने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति देकर महिला सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति एवं भारत की एकता का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया, जिसने निर्णायकों तथा दर्शकों को प्रभावित किया।

### खजूरवाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण के कार्य

# कुछ जगह नीचे तोड़ दिया लेकिन ऊपर गैलरी नहीं तोड़ी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खजूरवाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। चौड़ीकरण में जिन लोगों के भूखंड व दुकानों का पूरा हिस्सा गया है उन्हें मुआवजा दिया जाना है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उनकी पूरी दुकान व मकान का हिस्सा चौड़ीकरण में टुट गया है ना उन्हें अभी तक मुआवजा दिया गया है नाहीं उनकी अधिकारी कोई सुनवाई कर रहे हैं ।

जब ऐसे लोग नगर निगम में अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं तो उन्हें संतुष्टि भार जवाब भी नहीं मिल रहा हैं इस कारण ऐसे लोगों में अधिकारियों के प्रति रोष देखा जा रहा है इधर अधिकारियों का कहना है कि ऐसे लोगों के दस्तावेज तैयार कर मुआवजा पत्रक बना कर परिषद में प्रस्तुत किया जाएगा उसके बाद ऐसे लोगों को मुआवजा मिलेगा। इधर नगर निगम के अधिकारी एस आई आर के कार्य में व्यस्त होने की वजह से चौड़ीकरण के कार्य में ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

जिसके चलते चौड़ीकरण के कार्य में कई खामियां भी सामने आई है। कुछ क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चौड़ीकरण में नगर निगम द्वारा जो जगह चिन्हित की गई उस जगह तक लोगों ने मकान तोड़ लिए हैं। लेकिन कुछ जगह नीचे तोड़ दिया है लेकिन ऊपर गैलरी निकल रही है उसे नहीं तोड़ा जा रहा है। नगर निगम के अधिकारी चौड़ीकरण में भेदभाव की नीति अपना रहे हैं वहीं लोगों का यह भी कहना है कि ना नपती की गई ना ऊपर का हिस्सा तोड़ा है और नाली की खुदाई का काम शुरू कर दिया है खजूर वाली मस्जिद से भार्गव मार्ग तक नाली भी खोद दी है।



#### इन्होंने यह कहा..

इधर जब नगर निगम के अधिकारी राजकुमार राठौर का कहना है कि जिन लोगों की गैलरी टूटना बाकी है उसे जल्द ही तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी वहीं नाली की खुदाई शुरू हो गई है तथा उसके बाद पोल शिफ्ट करने का कार्य किया जाएगे और फिर पीएचई की लाइन डालकर रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा ।

## अटल-महामना संचेतना समाचार विशेषांक के साथ होगा काव्य संग्रह सुप्रज्ञ कृति का विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी एवं महामना मदनमोहन मालवीयजी के जयंती दिवस पर 25 दिसम्बर को डॉ. प्रभु चौधरी द्वारा सम्पादित अटल-महामना संचेतना समाचार विशेषांक तथा डॉ. मनीष दवे, इंदौर के संपादन में प्रकाशित काव्य संग्रह ह्यसुप्रज्ञ कृतिह्व का विमोचन समारोह में किया जायेगा।

आयोजन समिति की सचिव रंजना पांचाल ने बताया कि समारोह में मार्गदर्शक अनिता दुबे निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर कर्नावट भोपाल, विशेष अतिथि पूर्व कुलाधिपति डॉ आंबेडकर केंद्रीय विवि लखनऊ डॉ. प्रकाश बरतूनिया भोपाल, डॉ. अशोककुमार भार्गव आईएएस भोपाल, डॉ. अरूण कुमार पासवान पूर्व राजभाषा अधिकारी दिल्ली, हरेराम वाजपेयी इन्दौर, कालूलाल गुर्जर भिलवाड़ा, मोहन लाल वर्मा जयपुर, डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा उज्जैन, डॉ अशोक चौधरी, डॉ. संतोष पंड्या, डॉ. हरीशकुमार सिंह, डॉ. अनसूया अग्रवाल, माया निर्मल कुमार मेहता, रंजना पांचाल, अरविन्द जैन की गरिमामय उपस्थिति तथा ब्रजकिशोर शर्मा की अध्यक्षता में होगा। समारोह में साहित्यकारों से उपस्थिति की अपील राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शहेनाज शेख, राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी, यशवंत भंडारी यश, डॉ. शिवा लोहारिया, सुंदरलाल जोशी, डॉ. अरूणा सराफ, विक्रम सिंह चौधरी, सुंदरलाल मालवीय, शीला व्यास, सीमा देवेन्द्र, प्रियंका गौड़, डॉ मनीषा ठाकुर, रेवती आलवे, ज्योति तिवारी, पूजा शर्मा, मधुलता शर्मा, पुष्पा गरोठिया, संगीता हड़कें, मनीषा खेडेकर आदि ने की है।

### जल संचय अभियान अंतर्गत दिलाई शपथ

## दीवार लेखन, संगोष्ठी, विद्यालय प्रतियोगिताएं से जल संचय के लिये करें लोगों को जागरुक

### जल संरक्षण, संग्रहण को बढ़ावा देने हेतु करें सामूहिक प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास उज्जैन द्वारा गठित नगर विकास समिति वार्ड क्रमांक 21 एवं अवनी श्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था द्वारा जल संरक्षण अंतर्गत समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण अभियान अंतर्गत जल संचय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड में दीवार लेखन संगोष्ठी, विद्यालय प्रतियोगिताएं एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक जल संरक्षण की दिशा में हम जनमानस को जागरुक कर सकते हैं



और सामूहिक प्रयास से जल संचय में हमारा योगदान दें। शहरी क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संग्रहण को बढ़ावा देने हेतु यह सामूहिक प्रयास करें। इस दौरान सभी को जल संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रियंका जोशी अध्यक्ष नगर विकास समिति वार्ड 21 ने बताया कि ह्यहमारे आसपास पशु, पक्षियों के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है ह्व हमें भी जल संचय अभियान पर कार्य करना है। बैठक के साथ ही संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष के रूप से अवनि श्री के सदस्य दीपिका जोशी, पूनम दुबे, अनीता शास्त्री, ज्योति व्यास, पूजा जोशी, अर्पण जोशी आदि उपस्थित रहे।

## कन्या महाविद्यालय में लैंगिक समानता : चुनौतियाँ और बदलती युवा सोच पर हुआ व्याख्यान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में जेंडर क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में ह्यलैंगिक समानता : मिथक, चुनौतियाँ और बदलती युवा सोचह्व विषय पर सारगर्भित व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जेंडर क्लब प्रभारी डॉ. पूजा साहू एवं एनएसएस प्रभारी प्रो. मोनिका परमार एवं डॉ मीरा यादव के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य वक्ता, मंडी संचालक पद से सेवानिवृत्त चंद्रशेखर वशिष्ठ ने अपने विचार व्यक्त किए- उन्होंने कहा कि लैंगिक असमानता का मूल कारण हमारे समाज की पितृसत्तात्मक परंपरा में निहित है, जहाँ बेटों को बेटियों की अपेक्षा अधिक महत्व दिया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्त्रियों का योगदान अमूल्य हैकृविशेषकर सृष्टि के निर्माण जैसे महान कार्य में उनकी भूमिका अनुपम है। वशिष्ठजी ने छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के फायदों व दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार



ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और समानता के लिए अनेक योजनाएँ और प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं, जिनकी जानकारी और उपयोग आवश्यक है। उक्त जानकारी महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ रूपा भावसार ने जदेते हुए बताया कि सेवा भारती के अंतर्गत संस्था ह्यमातृ छायाह्व की संचालिका श्रीमती सीमा वशिष्ठ ने छात्राओं को पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन भी समान रूप से आवश्यक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि दैनिक जीवन से लेकर कार्यस्थल तक, लैंगिक संवेदनशीलता का भाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पुरुष और स्त्री एक-दूसरे के पूरक हैं और बच्चों को समानता की शिक्षा शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से देनी चाहिए।

कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो. मोनिका परमार ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. पूजा साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ कविता जैन, डॉ. भावना नागर, डॉ. स्मिता देराश्री, डॉ आनंद सिंदल, डॉ मनीष परमार एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक उपस्थिति दर्ज कराई।

## खबर एक नजर...

### मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन ने तिब्बती व्यापारियों का किया सम्मान

उज्जैन। मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय महामंत्री तपन अग्निहोत्री के आह्वान पर आगर रोड स्थित पोताला तिब्बती शरणार्थी वुलन मार्केट के व्यापारियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।अली असगर पाटला वाला ने बताया कि तिब्बती व्यापारियों द्वारा उज्जैन में रहकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इसी उपलक्ष्य में संस्था ने व्यापारी महिलाओं को सम्मानित कर नारी शक्ति और सम्मान का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि दूर-दराज से आई महिलाएं यहां आकर साहस के साथ व्यापार करती हैं। उनके हौसले को प्रोत्साहित करने और समाज में महिला शक्ति का गौरव बढ़ाने हेतु यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### 13 और 20 दिसंबर को जरूरतमंदों के लिए चलाया जाएगा नेकी का वाहन

**उज्जैन।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं समाजसेवी अजीज भाई दरगाह वाला की स्मृति में 13 दिसंबर एवं दीन दुखियों की मसीहा मदर टेरेसा एवं शिक्षाविद छाया श्रीवास्तव की स्मृति में 20 दिसंबर को जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया जाएगा।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली ने बताया कि संस्था द्वारा गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी शीत ऋतु से बचने के लिए नेकी का वाहन दो शख्सियतों की स्मृति में प्रत्येक शनिवार रात्रि 10 बजे शहर के विभिन्न चौराहों से चलाया जाएगा। उपसंयोजक नासिर मंसूरी एवं संयुक्त सचिव सोनू सिंह आनंद ने बताया कि इस सप्ताह आजाद हिंद फौज के संस्थापक, महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं समाजसेवी अजीज भाई दरगाह वाला की स्मृति में जरूरतमंदों के लिए के लिए नेकी का वाहन छत्री चौक से चलाया जाएगा। जिसमें कंबल और गर्म कपड़े, स्वेटर, जरकिन जरूरतमंदों को वितरित की जाएगी। सहसंयोजक मुश्ताक खान एवं उपाध्यक्ष सैयद उस्मान हसन ने बताया 20 दिसंबर शनिवार को दीन दुखियों की मसीहा मदर टेरेसा एवं शिक्षाविद छाया श्रीवास्तव की स्मृति में नेकी का वाहन फ्रीगंज टावर से चलाया जाएगा।

### कुश्ती संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव का सम्मान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति एवं रजिस्टर्ड युवा संगठन उज्जैन के पदाधिकारियों ने सेन समाज की ओर से मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर समाजसेवी नारायण यादव का साफा बांधकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक भरत भाटी, शहर अध्यक्ष संतोष भाटी, वरिष्ठ समाजसेवी शिव भाटी, युवा संगठन सचिव जितेंद्र सेन सारोला, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

# कारों में झांक रहे तो कहीं बाइक रोककर भीख मांग रहे भिखारी, चौराहे पर वाहन रोकना भी मुश्किल हुआ

### उज्जैन को भिखारी मुक्त करने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार नहीं की जा रही

### भिखारी नानाखेड़ा चौराहा, महाकाल मंदिर के बाहर, हरि फाटक पुल,रामघाट, हरसिद्धि,इंदौर गेट, चामुंडा चौराहा, रेलवे स्टेशन पर सक्रिय



ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शहर में भिखारियों की ये स्थिति हो गई है कि सिग्नल व चौराहे पर वाहन चालक के सामने हाथ फैला कर खड़े हो जाते हैं।खुलेआम कार में झांक-झांक कर भीख मांग रहे हैं, लोगों को मजबूरी में कुछ रुपए देकर इनसे पीछा छुड़ाना पड़ता है। चौराहे पर बाइक या कार रुकी तो उस पर ऐसे टूटेंगे ओर जब तक इन्हें पैसे नहीं मिलते तब तक यह वाहन चालक का पीछा नहीं छोड़ते।

शहर मे भिखारियों की संख्या बढ़ गई है, नानाखेड़ा चौराहा, महाकाल मंदिर क्षेत्र में, फ्रीगंज क्षेत्र में होटल व रेस्टोरेंट के बाहर, रामघाट, देवास गेट चामुंडा माता चौराहा, इंदौर गेट, हरसिद्धि चौराहा, चारधाम पर ये भिखारी सुबह से लेकर शाम तक देखे जा सकते हैं। भिखारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उज्जैन को भी भिखारी मुक्त करने के लिए कोई कार्ययोजना तैयार नहीं की जा रही है। नानाखेड़ा चौराहा के सिग्नल पर दोपहर बारह बजे एक कार रुकी, तो एक महिला पहुंची और भीख मांगने लगी जब कार वाले ने मना किया तो महिला ने कांच पर हाथ रख लिया। कार वाले को रुपए देकर ही उससे पीछा छुड़ाना पड़ा। फ्रीगंज शिव मंदिर के समीप कैफे के पास एक बुजुर्ग महिला ने बाइक रुकते ही उस पर बैठे युवक के पास महिला पहुंची और हाथ फैलाकर उससे पैसे मांगने लगी लेकिन जब बाइक सवार ने बाइक आगे बढ़ाई तो बुजुर्ग ने बाइक का हेंडल पकड़ लिया। चालक को रुपए देकर ही पीछा छुड़ाना पड़ा।

### महाकाल लोक बनने के बाद भिखारियों की संख्या भी बढ़ी

महाकाल लोक बनने के बाद बड़ी तादाद में बाहर से श्रद्धालु उज्जैन दर्शन के लिए पहुंच रहे है। श्रद्धालु देव दर्शन के साथ दान पुण्य भी करते हैं। इस वजह से महाकाल क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में भिखारियों की संख्या भी बढ़ गई है। भिखारी बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को रोक लेते हैं और जब तक इन्हें भीख नहीं दी जाती तब तक ये श्रद्धालुओं का पीछा नहीं छोड़ते हैं।

# वरिष्ठता, पुरानी पेंशन व ई-अटेंडेंस के मुद्दों पर राज्य शिक्षक संघ ने विकासखण्ड स्तर पर सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन




राज्य शिक्षक अध्यापक संघ ने प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण, पुरानी पेंशन बहाली एवं ई-अटेंडेंस जैसी ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों को सौंपा। उज्जैन, बड़नगर, तराना, महिदपुर, घटिया तथा नागदा-खाचरोद विकासखण्डों में यह ज्ञापन एक साथ सौंपा गया।संघ ने बताया कि मप्र शासन द्वारा प्रदेश के लगभग 3 लाख शिक्षक-कर्मचारियों की 20 वर्ष की सेवा अवधि को समाप्त किए जाने पर व्यापक आक्रोश है। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन न मिलना कर्मचारियों के आर्थिक भविष्य को प्रभावित कर रहा है। इसके अलावा ई-अटेंडेंस को लेकर अधिकारियों के दबावपूर्ण आदेशों से शिक्षक खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं, जिसके कारण प्रदेशभर में इसका विरोध किया जा रहा है।जिलाध्यक्ष शेख मोहम्मद हनीफ ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में 21 दिसंबर को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन तथा 25 दिसंबर को भोपाल में महाआंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौंपे गए। उज्जैन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर्य को ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश गोस्वामी ने सौंपा। घटिया में राजेश रघुवंशी, महिदपुर में सुषमा खेमसारा, तराना में गोकुल नागदिया, बड़नगर में आत्माराम सरवटे तथा नागदा-खाचरोद में पूरालाल गुजराती के नेतृत्व में ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विभिन्न ब्लॉकों के ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान से चुने गये श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष

**उज्जैन।** श्री गुजराती समाज उज्जैन के संचालकों के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें विकास परिषद् एवं मित्र मंडल के उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया था। विकास परिषद् के 14 संचालक तथा मित्र मंडल के 12 संचालक में से नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया श्री गुजराती समाज नईसडक उज्जैन पर सम्पन्न हुई।

पूर्व अध्यक्ष संजीवभाई अमीन के अनुसार विकास परिषद की ओर से भरतभाई पांचाल व मित्र मंडल की ओर से प्रदीपभाई वेद का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित किया गया। एकमत न होने पर निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई गई जिसमें विकास परिषद् के भरतभाई पांचाल ने 13 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। मित्र मंडल के प्रदीपभाई वेद को 12 मत प्राप्त कर पराजित हुए। शेष पदों पर सवार्नुमति से मनोनयन हुआ।

# युवक कांग्रेस ने फूंका राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का पुतला



### राज्यमंत्री का भाई तस्कर, यह प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल-युवक कांग्रेस

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के खिलाफ उज्जैन में युवक कांग्रेस उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी कर देवासगेट क्षेत्र में पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन प्रतिमा बागरी के भाई के खिलाफ हाल ही में सामने आए गंभीर प्रकरण के चलते किया गया। उनके भाई को लगभग 46 किलो गांजा तस्करी के मामले में पकड़ा गया।

यश जैन ने कहा कि यह प्रदेश की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। जिस परिवार का सदस्य इतने बड़े नशीले पदार्थ की तस्करी में लिप्त पाया गया हो, उस परिवार से जुड़े जनप्रतिनिधि को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। संगठन ने मांग की कि सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करे और तस्करी से जुड़े सभी लोगों पर सख्त कानूनी कदम उठाए। प्रदर्शन में अर्पित यादव जिला अध्यक्ष, दीपेश जैन पूर्व अध्यक्ष, प्रतीक जैन प्रदेश महासचिव, शिव लश्करी, वरुण शर्मा, संचित शर्मा, सोनू यादव, अभिषेक कुशवाह जिला महासचिव, यश चोपड़ा ब्लॉक अध्यक्ष, वीरभद्र वर्मा, अभिषेक परमार, असलम भाई, लखन गहलोत, अंकित भारद्वाज, हर्ष जैन, आयुष बागोरिया, सालिक मस्तान, राजवीर राणा, आयुष बरोड़, संदीप पवार सहित युवक कांग्रेस के अन्य साथी उपस्थित थे। युवक कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि नशा तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ है। संगठन ने भविष्य में भी नशे और अपराध के विरोध में ऐसे अभियानों को जारी रखने की बात कही।

# तिब्बती ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया एवं शांति के लिए पूजा की



ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

आगर रोड पर पोताला तिब्बती शरणार्थी वुलन मार्केट पर व्यापारियों द्वारा अपना व्यापार दोपहर 2 बजे तक बंद कर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं एवं धर्मगुरु दलाई लामा जी का करुणा वर्ष 2025-2026 मनाया गया।

अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में बाजार को आकर्षक रूप से सजाया गया। सोनम लहजे ने बताया कि विश्व मे शांति के लिए सुबह सभी ने मिलकर पूजा की एवं अपने धर्मगुरु की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

तिब्बती आजादी के अग्रदूत परम पावन दलाई लामा जी को 1989 में विश्व शांति के लिए नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसी अवसर पर प्रतिवर्ष सभी तिब्बतीयों द्वारा खुशी का उत्सव मनाया जाता है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाने के पश्चात दुनियाभर में 1948 से अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाती है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के साथ ही धर्मगुरु की 90वर्ष की उम्र होने के उपलक्ष में करुणा और मानवता के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश से वर्ष 2025-2026 को करुणा वर्ष के रूप में मनाया गया।

## खबर एक नजर...

### ध्यान, संगीत तथा खेलों के माध्यम से तनाव कम करने पर जोर दिया

**उज्जैन।** आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिलाधीश रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा उसके कारणों की रोकथाम के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया। विद्यार्थियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक एवं सामाजिक दबाव आदि अनेक कारण उन्हें आत्महत्या की ओर ले जाते हैं। इसका सामना करने के लिए सही समय पर ऐसे विद्यार्थी को चिन्हित कर के उसकी काउँसलिंग करना तथा कॅरियर की संभावनाओं से अवगत करवा कर इस प्रवृत्ति से विद्यार्थियों को निकाला जा सकता है।

इस उद्देश्य की पूरा करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय आदि विभागों को विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा कोचिंग संस्थान में जा कर विद्यार्थियों की काउंसलिंग करने, ध्यान, संगीत तथा खेलों के माध्यम से तनाव कम करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की सचिव शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता, पुलिस विभाग की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा, कोचिंग संचालक कल्याण शिवहरे टास्क फोर्स की संयोजक डॉ. इंदु बंसल, डॉ. महेन्द्र कुमार जैन, डॉ आनंद सिंदल तथा पुलिस, स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा, सामाजिक न्याय, आदि विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मानसिक समस्याओं के निराकरण हेतु 247 हेल्प लाइन नंबर 14416 एवं 14425 की जानकारी भी प्रदान की गई तथा इसे सभी शिक्षण संस्थानों में प्रदर्शित के निर्देश दिए गए।

### बीएसएनएल की नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार 13 दिसंबर शनिवार को बीएसएनएल द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय उज्जैन, तहसील न्यायालय महिदपुर, नागदा, बडनगर एवं खाचरौद में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएँगी। बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का निपटान बीएसएनएल के देवास गेट स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से आकर या लैंडलाइन नंबर 2552474 पर संपर्क कर करवा सकते हैं।

### भगवान महाकाल को अब नहीं चढ़ेगी भारी भरकम फूलमाला:

# प्रशासक ने 1 जनवरी से प्रतिबंध लगाया, 500 से 2100 रुपए तक बिकती थी मालाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर भारी भरकम चढ़ने वाली फूल माला (अजगर माला) और मुण्डमाल पर मंदिर समिति ने प्रतिबंध लगा दिया है। एएसआई और जीएसआई की गाइड लाइन का ध्यान रखते हुए करीब 10 किलो से अधिक वजनी मालाओं पर शिवलिंग क्षरण रोकने के लिए मंदिर समिति ने ये फैसला किया है। 1 जनवरी से कोई भी भक्त भगवान महाकाल को 10 से 15 किलो वजनी माला अर्पित नहीं कर सकेंगे।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 1 जनवरी 2026 से भगवान महाकाल को चढ़ने वाली फूलों की बड़ी व भारी माला अर्पित करने पर रोक लगा दी



है। मंदिर प्रशासक के आदेश के बाद आगामी नए वर्ष के पहले दिन से इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

इसके लिए अभी महाकाल मंदिर परिसर में उद्घोष हो रहा है कि भगवान के लिए अजगर माला नहीं खरीदें। साथ ही कक्ष से भक्तों को नए नियम की जानकारी देने के लिए लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है। मंदिर के आसपास फूल प्रसाद की दुकान संचालित करने वाले व्यवसायियों को मंदिर समिति ने बता दिया है कि फूलों की भारी व बड़ी माला ना तो बनाए और न ही विक्रय करे।

### भक्त पुजारी को देते थे चढ़ाने के लिए

500 से 2100 रुपए तक बिकने वाली इन अजगर मालाओं को भक्त खरीद कर शिवलिंग को अर्पित कर रहे थे। भक्त पुजारी को देते और पुजारी भगवान महाकाल को पहना देते थे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल मंदिर के शिवलिंग पर चढ़ने वाले भारी अजगर माला पर आगामी एक जनवरी से प्रतिबंधित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से महाकाल मंदिर के बाहर फूलों की दुकान पर 500 से 2100 रुपए में मिलने वाली अजगर माला को भक्त खरीदकर भगवान को अर्पित कर रहे थे। ये माला फूलों की मोटी व बड़ी माला होती है, जिनका 10 से 15 किलो तक होता था। नया नियम लागू होने के बाद मंदिर के विभिन्न द्वारों पर तैनात गार्ड भक्तों द्वारा भगवान को अर्पण करने के लिए लाई जा रही पूजन सामग्री की जांच करेंगे।

### फूल बंगले में सिंधिया राजवंश की वेशभूषा में विराजेंगे वीर हनुमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल वन कार्तिक चौक स्थित स्वयं-भू प्राचीन दक्षिण मुखी श्री वीर हनुमान मंदिर पर 10 से 16 दिसंबर तक श्री वीर हनुमान अष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया कि 10 दिसंबर को शिखर ध्वज पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत हुई व पूजन-अर्चन के पश्चात प्रातः 11.30 बजे श्री वीर हनुमान भक्त मंडल की मंडली के द्वारा संगीतमय श्री अखंड रामायण जी के पाठ का शुभारंभ किया गया।

आज 11 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे रामायण जी के पाठ की पूर्णाहुति व हवन किया जाएगा। 12 दिसंबर को मुख्य वीर हनुमान अष्टमी पर्व पर शाम 6 से रात 10 बजे तक दिव्य झांकी श्रृंगार दर्शन होंगे। रात 8 बजे ढोल-ढमाकों के साथ महाआरती की जाएगी तथा भोग प्रसाद वितरित होगा। अष्टमी महोत्सव के दौरान भगवान श्री वीर हनुमान जी महाराज फूलों के बंगले में विराजित होकर सिंधिया राजवंश की मखमली जरी की वेशभूषा धारण कर भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे।

### निगम अध्यक्ष ने आयुक्त के साथ किया हामूखेड़ी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बुधवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के साथ हामुखेड़ी स्थित बिजासन माता मंदिर से लेकर देवास रोड तक बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग अंतर्गत चौड़ीकरण कार्य भी किया जाएगा जिसमें 40 से अधिक मकान चौड़ीकरण की जद में आएंगे नगर निगम द्वारा बिजासन माता मंदिर से लेकर संत दमयंती आश्रम तक कुल मार्ग की लंबाई 900 मीटर तक रोड निर्माण किया जाएगा उक्त कार्य नगर निगम द्वारा 14 करोड रुपए की लागत से किया जाना है जिसका निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्री परेश कुलकर्णी, भाजपा नगर कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश यादव, अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, श्री संजेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री पीयूष भार्गव, श्री साहिल मैदावाला एवं संबंधित उपयंत्री उपस्थित रहे

# पीयूसी जांच को लेकर गंभीरता सिरे से गायब

## जिले में पेट्रोल पंपों पर जांच की सुविधा मात्र दिखावे की

### प्रदुषण फैला रहे वाहन नहीं लिया जा रहा जांच का संज्ञान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वाहनों के प्रदुषण से आम जन पर गंभीर असर हो रहा है। इसके चलते कई लोगों को श्वांस की बीमारी भी घेर रही है। नियमानुसार वाहनों को पीयूसी जांच करवाना चाहिए । पेट्रोल पंपों पर पीयूसी जांच का काम मात्र दिखावा बन कर रह गया है। व्यक्तिगत वाहनों के लिए भी पीयूसी बनवाने के लिए भटकना पडता है। कमर्शियल वाहनों के लिए भी शहरी क्षेत्र में जांच की सुविधा पर गंभीरता से काम नहीं हो रहा है और ऐसे में धडल्ले से प्रदुषण फैलाते वाहन दौड रहे हैं।

पॉप्लूशन अंडर कंट्रोल यूनिट (पीयूसी) जांच के लिए शहरी क्षेत्र में सभी पेट्रोल पंपों पर सुविधा की बात ही होती है धरातल पर इससे विपरित स्थिति सामने आती है। शहरी क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पीयूसी जांच के लिए वाहन चालकों को जाने पर कोई न कोई कारण बता कर टाला जा रहा है। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में भी है। वहां तो अधिकांश पेट्रोल पंपों पर अव्वल तो इस प्रकार की सुविधा ही नहीं है और जिन पर है वे जांच से बचने का ही काम कर रहे हैं।

### नाकों के पास वाहनों में जांच केंद्र-

पीयूसी जांच के लिए टोल नाका के पास जरूर दिन के समय में वाहनों में जांच केंद्र संचालित किए जाते हैं। रात के समय तो ये चलित केंद्र भी गायब ही मिलते हैं। खास तो यह है कि इन जांच केंद्रों पर भी पूरे मापदंड का पालन नहीं किया जाता है। मात्र खानापूर्ति की जाती है।

**पीयूसी आवश्यक है-** परिवहन विभाग से जुडे सूत्रों का कहना है कि पीयूसी जांच आवश्यक है। इसके मापदंड तय हैं। उनके अनुसार ही इंजन से निकलने वाले प्रदुषण की मात्रा की जांच की जाती है।इस जांच के लिए वर्ष भर के लिए रूपए 250 एवं 6 माही




प्रमाणीकरण के लिए रूपए 150 लिए जाते हैं। इस जांच प्रमाणीकरण के लिए परिवहन विभाग ही एजेंसी देता है।

### निर्माण में लगे वाहन प्रदुषण फैला रहे -

शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बगैर पीयूसी जांच के ही व्यवसायिक वाहन धडल्ले से दौड रहे हैं और आमजन को श्वांस की बीमारी परोस रहे हैं। सिंहस्थ के निर्माण कार्यों में कई ऐसे वाहनों का जमकर उपयोग हो रहा है जिनका अंदर से निकलते धुंए को देखकर ही कहा जा सकता है कि यह इसका प्रदुषण अत्यधिक है। वाहनों में क्षमता से अधिक भार ढोने की स्थिति में भी प्रदुषण के हाल बन रहे हैं। निर्माण कार्य में सिर्फ फेरे बचाकर धन कमाने के लिए ऐसा करते हुए प्रदुषण फैलाया जा रहा है। प्रदुषण फैलाने वाले वाहनों की धरपकड का काम परिवहन विभाग के जिम्मे है और उन्हें ही वाहनों के पीयूसी जांच का अधिकार है,लेकिन विभाग जब भी जांच करता है तो वाहनों के अन्य दस्तावेज ही देखे जाते हैं। मात्र बसों और उनके परमिट को ही देखा जाता है ।

# नेशनल लोक अदालत के पश्चात 07 दिवस में शहर के समस्त अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए शिविर लगाने की कार्यवाही करें

### महापौर द्वारा पेयजल एवं सीवरेज विभाग की समीक्षा बैठक अंतर्गत अधिकारियों को दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा पेयजल एवं सीवरेज विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर के पश्चात वार्ड स्तर पर 07 दिवसीय शिविर लगाते हुए शहर के समस्त अवैध नल कनेक्शन को वैध करने की कार्यवाही की जाए विभाग का अमला पेयजल सप्लाई के




दौरान वार्डों में भ्रमण करते हुए लीकेज का संधारण करें पानी के अपव्यय को हर हाल में रोकना है।

बैठक में अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए वार्ड स्तर पर कार्यवाही की जा रही है जिसमें अवैध कनेक्शन को काटने का कार्य किया जाकर बकाया जलकर जमा करवाया जा रहा है साथ ही जिन उपभोक्ताओं द्वारा घरेलू कनेक्शन को व्यावसायिक रूप से उपयोग किया जा रहा है उनसे कमर्शियल की दर से वसूली की जा रही है वर्तमान में किसी भी प्रकार का फॉल्ट ट्रीटमेंट प्लांट पर नहीं है सभी प्लांट सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। महापौर द्वारा समीक्षा बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में एक दिन छोड़कर जल प्रदाय किया जाता है इसलिए अभी से ऐसी योजना बनाई जाए ताकि गर्मी में भी नियमित रूप से जल प्रदाय किया जाए, अवैध नल कलेक्शन को विच्छेद करते समय यदि किसी के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डाली जाती है तो संबंधित पर एफआईआर दर्ज करवाई जाए, वर्तमान में जलकर से कितनी आय प्राप्त हुई है कितना व्यय किया गया है इसकी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, सीवरेज फेज टू के अंतर्गत वर्तमान में चल रहे कार्यों की जानकारी से अवगत करवाया जाए, महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों के मद से होने वाले कार्यों की क्या स्थिति है उनके टेंडर लगवाए जाएं।

बैठक में जल कार्य एवं सीवरेज विभाग के प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री शिवम दुबे, संबंधित उपयंत्री उपस्थित रहे।

### रहवासियों द्वारा स्वयं अपने मकानों के चिन्हित भाग को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य नगर निगम द्वारा प्रारंभ किया गया है जिसके क्रम में गेल इंडिया से केटीएम शोरूम, शांति नगर, एकता नगर होते हुए नीलगंगा चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जाना है जिसके लिए सेंट्रल मार्किंग, मकानों पर निशाना लगाने के कार्य एवं नोटिस दिए जाने के कार्य किए जा चुके हैं साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा उक्त मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन भी किया जा चुका है जिसके क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा भी उक्त मार्ग का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# हमें चालान नहीं, हेलमेट चाहिए अभियान का सफल क्रियान्वयन जिले भर में सतत जारी

ब्रह्मास्त्र ›› अलीराजपुर

सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एवं नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन में हमें चालान नहीं, हेलमेट चाहिए अभियान का सफल क्रियान्वयन जिलेभर में सतत जारी है।

इस अभिनव जनजागरूकता पहल का मूल उद्देश्य दंडात्मक कार्यवाही के स्थान पर नागरिकों को स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में च्च्हेलमेट बैंकज्ज की स्थापना की गई है। यह पूर्णतः जनसहभागिता आधारित पहल है, जिसमें सक्षम नागरिक स्वेच्छा से हेलमेट क्रय कर पुलिस थानों में जमा कर सकते हैं। पुलिस द्वारा इन हेलमेटों को जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क प्रदान किया जाता है, ताकि वे सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें।

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के निर्देशानुसार उदयगढ पुलिस द्वारा थाना उदयगढ मे परिसर में च्च्हेलमेट बैंकज्ज की स्थापना की गई। इसके तहत ऐसे दोपहिया वाहन चालक, जिनके पास हेलमेट नहीं है तथा जिन्हें किसी आवश्यक कार्य से यात्रा करनी है, वे हेलमेट बैंक से अस्थायी रूप से हेलमेट प्राप्त कर सकते हैं। यात्रा समाप्ति के पश्चात चालक को वही हेलमेट पुनः थाना पर जमा करना होगा, ताकि अन्य जरूरतमंद व्यक्ति इसका लाभ उठा सकें।

आज दिनांक 09 दिसम्बर थाना उदयगढ प्रांगण मे हमें चालान नहीं, हेलमेट चाहिए अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंशसिंह द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बताया कि सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करना चाहिये। चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाना चाहिये इसी प्रकार दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करना चाहिये तथा अपने परिजनों को भी हेलमेट पहननें के लिये प्रोत्साहित करना चाहिये। वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा नही करने संबंधी अपील भी आमजन से की ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जरूरतमंदो को 100 हेलमेट भी वितरीत किये गये। हमें चालान नहीं, हेलमेट चाहिए अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम मे उदयगढ क्षैत्र के जनप्रतिनिधिगण अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जोबट श्री रविन्द्र राठी थाना प्रभारी उदयगढ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे व थाना स्टॉफ उपस्थित रहा।

# नगर में चल रहे एसआईआर के कार्यो का निरीक्षण करने महापौर वार्डो में पहुंची

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा।



पूरे प्रदेश में इन दीनों मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। खंडवा जिले में भी जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मतदाता शुद्धिकरण का कार्य किया जा रहा है। इस मतदाता सूची के कार्य में जो मतदाता मृत हो चुके हैं उनके नाम मतदाता सूची से कटवाना है और जिन मतदाताओ का नाम २ से ३ जगह हें उन्हें एक ही सूची में शामिल करना है। पात्र लोगों को सूची में शामिल करना है और अपात्र लोगों को सूची से बाहर करना है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य में जिला प्रशासन, कलेक्टर वृषव गुप्ता एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ही पूरा प्रशासन का अमला लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भूमिका निभा रहा है, सभी के सहयोग से जिले में एस आई आर का कार्य संतोषजनक है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव द्वारा नियुक्त बी एल ओ के साथ विभिन्न मंडलों में वार्डों में पहुंचकर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने शहर के विभिन्न मंडलों एवं वार्डों के मतदान केंद्रों पर पहुँचकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का विस्तृत निरीक्षण एवं समीक्षा कि। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन से संबंधित प्रक्रियाओं का स्थलीय अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने कहा कि हमारा देश लोकतंत्र आधारित प्रणाली पर चलता है, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हम देखे तो मतदाता और मतदान हमारे देश के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है,

# अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक मतदाताओं की सूची मतदान केंद्रों पर चस्पा की जाए

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने आज जिले में 2026 (मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026) के तहत चल रहे कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में आयोजित बैठक में सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को मतदाता सूची का शत-प्रतिशत, त्रुटिरहित सत्यापन सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मंगलवार शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्र.7, बावनगजा रोड,हरसुख दिगंबर हायर सेकंडरी स्कूल बड़वानी,नगर परिषद पलसूद कार्यालय, राजपुर विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदिल के तहत मतदाता सूची उन्होंने विशेष रूप से मतदाता सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक, डुप्लीकेट, अन्य और अनमैपेड मतदाताओं के सत्यापन कार्य को गंभीरता और सटीकता से करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए और न ही कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल रहे।इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केंद्र में आने वाले मतदाताओं की स्थिति दशार्ने वाली सूची, जिसमें कुल श्वस्न डिजिटलीकृत मतदाता, साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृतक मतदाताओं की जानकारी हो,

# तीन सौ से अधिक युवा जुड़ रहे हैं स्थानीय सांस्कृतिक धरोहरों, पर्वों और लोककलाओं से

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम भारत बोध के अंतर्गत तीन सौ से अधिक विद्यार्थी अपने गाँव-नगर की स्थानीय सांस्कृतिक धरोहरों, पर्व-त्योहारों तथा लोककलाओं से गहराई से जुड़ रहे हैं। इस गतिविधि का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परम्परा को आत्मसात कराना, स्थानीय संस्कृति के प्रति गर्व पैदा करना, उसका संरक्षण करना तथा प्राथमिक स्तर पर उसका दस्तावेजीकरण करना है।

करियर सेल के कार्यकताओं दिव्या जमरे और संजू डूडवे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 युवाओं को यह अवसर दे रही है. इस गतिविधि के दौरान तीन सौ से अधिक विद्यार्थी स्थानीय धरोहरों, पर्वों और लोककलाओं का अध्ययन करेंगे और चित्रात्मक लघु लेख तैयार करेंगे. जैसे संजा माता, गणगौर, पिथौरा लोक चित्र कला आदि. प्रत्येक विद्यार्थी को एक विधा का चयन करने का अवसर मिलेगा. यह कार्यक्रम केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। पाठ्यक्रम के प्रशिक्षक डॉ. मधुसूदन चौबे ने बताया कि विद्यार्थी स्वयं फील्ड में जाकर अपनी चुनी हुई एक सांस्कृतिक विधा का अध्ययन कर रहे हैं। वे चित्रों तथा साक्षात्कारों के साथ लघु लेख तैयार कर रहे हैं और कक्षा में उसका प्रस्तुतीकरण भी कर रहे हैं। निमाड़ क्षेत्र की समृद्ध लोक परम्पराओं जैसे संजा माता पूजन, गणगौर पर्व, पिथौरा चित्रकला, भगोरिया, सेंधवा का ऐतिहासिक किला, लोक गाथाएँ, लोक नृत्य तथा पारम्परिक शिल्प जैसे अनेक विषय विद्यार्थियों ने चुने हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को एक विधा का चयन करने की स्वतंत्रता है, जिससे उनकी रुचि और जिज्ञासा दोनों बढ़ रही हैं।इस गतिविधि की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह युवाओं को केवल जानकारी नहीं दे रही, बल्कि उनमें संवेदनशीलता, गर्व और जिम्मेदारी का भाव जगा रही है। विद्यार्थी समझ रहे हैं कि उनकी अपनी मिट्टी की खुशबू में ही भारतीय ज्ञान परम्परा की जड़ें हैं। वे देख रहे हैं कि कैसे उनके गाँव का एक पर्व या एक लोक कला एक सांस्कृतिक धरोहर है।प्रथम वर्ष के मेधावी विद्यार्थी लक्ष्य रावत ने बाग नगर स्थित प्राचीन बाघेश्वरी देवी मंदिर को अपनी विधा के रूप में चुना। उन्होंने मंदिर के इतिहास, स्थापत्य, पूजा पद्धति, लोक कथाओं तथा वहाँ आने वाले श्रद्धालुओं से जानकारी एकत्र की। चित्रों के साथ उन्होंने एक सुंदर लघु लेख तैयार किया और कक्षा में अपने साथियों के सामने आत्मविश्वास के साथ उसका प्रस्तुतीकरण किया। लक्ष्य ने अपनी अनुभूति साझा करते हुए कहा जब मैं मंदिर गया तो मुझे आध्यात्मिक अनुभूति हुई। मैंने जाना कि यह मंदिर सदियों से हमारी आस्था का केंद्र रहा है।

# जल संरक्षण सम्बंधी प्रतियोगिता में शामिल होकर पुरस्कार जीतें

ब्रह्मास्त्र ›› खण्डवा

जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खंडवा द्वारा जल संरक्षण विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं लोगो डिजाइन, मैस्कॉट डिजाइन और स्लोगन लेखन से संबंधित होगी। लोगो, मैस्कॉट एवं स्लोगन डिजाईन प्रतियोगिता में से प्रत्येक के लिए प्रथम पुरुस्कार की राशि 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार की राशि 6 हजार रुपये और तृतीय पुरुस्कार की राशि 4 हजार रुपये रहेगी। प्रतियोगिता में ऑनलाईन या ऑफलाईन शामिल हो सकते हैं। इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी खण्डवा जिले की एन.आई.सी. की वेबसाईट पर प्रतियोगिता में ऑनलाईन भाग लें पर क्लिक करके शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी प्रतियोगिता में भौतिक रूप से आवेदन करने के लिए जिला पंचायत खण्डवा में डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री प्रत्युष शर्मा के पास हार्डकॉपी जमा करा सकते हैं। इसके अलावा ई मेल से पर भी भेज सकते हैं।

अभ्यर्थी ई-मेल पर अपना नाम, पता और सम्पर्क हेतु मोबाईल नंबर का विवरण अवश्य दें। नियम और शर्तों के लिए वेबसाइट पर आमंत्रण पत्र देखें। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि ये तीनों प्रतियोगिताएं जल संरक्षण विषय पर ही केंद्रित रहेंगी। प्रतिभागी एक या एक से अधिक श्रेणियों में प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। प्रविष्टियां मौलिक, रचनात्मक एवं कॉपीराइट मुक्त होनी चाहिए। प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के लिए प्राप्त सभी प्रविष्टियों के लिए जिला प्रशासन खण्डवा की निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम होगा।



# कौन बनेगा करोड़पति की प्रतियोगी कविता पारखे शामिल हुईं

खंडवा। सद्भावना मंच के बहुचर्चित कार्यक्रम आमने सामने में कौन बनेगा करोड़पति की प्रतियोगी कविता पारखे शामिल हुईं।

सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि खंडवा निवासी जिला न्यायालय में सेवारत कविता पारखे ने हाल ही में कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम में 12.5 लाख रुपए की धन राशि जीतकर खंडवा का परचम फहराया और अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया।कार्यक्रम में संस्थापक प्रमोद जैन ने बधाई देते हुए उनका स्वागत सम्मान करते हुए कहा कि खंडवा प्रतिभाओं का गढ़ है।अंत में कई सदस्यों ने उनसे प्रतियोगी से जिज्ञासावश प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, श्री पारखे, त्रिलोक चौधरी,सुनील सोमानी,अर्जुन बुंदेला,सुरेन्द्र गीते,गणेश भावसार,प्रियंक पाठक,एन के दवे,योगेश गुजराती, कैलाश शर्मा ,कमल नागपाल,सुनील सोमानी,राजा शर्मा, संतोष सोनी,अशोक पारवानी,तरुण दुबे,श्री गीते,मुरली कोडवानी,राधेश्याम शाक्य,विजया द्विवेदी,रूपल भदरेले,सुभाष मीणा, आकांक्षा सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

# प्रथम बार खंडवा स्टेशन पहुंची हड़पसर ट्रेन का किया स्वागत




**खंडवा।** क्षेत्रवासियों को मंगलवार से नई साप्ताहिक ट्रेन संख्या 15589/90 मुजफ्फरपुर हड़पसर एसी एक्सप्रेस की सौगात मिली है। प्रथम आगमन पर ट्रेन के लोको पायलट का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ट्रेन संख्या 15589 मुजफ्फरपुर से निकल कर मंगलवार शाम 5.45 बजे खंडवा पहुंची । ट्रेन के प्रथम आगमन पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और शहरवासियों की तरफ से ट्रेन के लोको पायलट बीपी राणे और सिद्धार्थ सिंग को पुष्प माला पहना कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि नई ट्रेन के शुरू होने से खासकर पुणे के लिए हमारी ओर से लगातार पुणे के लिए ट्रेनों की बढ़ोतरी की मांग पूरी हुई है। सांसद पाटिल ने क्षेत्रवासियों से नई ट्रेन सुविधा का लाभ लेने की अपील की। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर स्टेशन पर रेल सलाहकार समिति के सदस्य मनोज सोनी, पूर्व सदस्य एवं प्रवक्ता सुनील जैन, हरीश कोटवाले ,दिनेश पालीवाल जिला महामंत्री सूरज पाल सिंह सोलंकी , गणेश गुरबाणी आशीष चटकले, चंद्रेश पचौरी, तेजेंद्र बॉथम, हेमंत पाटिल,महेश जायसवाल भरत सोनी, स्टेशन प्रबंधक अरविन्द साहा और राम बाबू आदि मौजूद थे।

# जल संरक्षण तकनीकी विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

बड़वानी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के भूमि सरंक्षण एवं जल प्रबंधन विभाग एवं आई. क्यू.ए.सी. (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के संयूक्त तत्वाधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य, आई. क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा साखी गुप्ता विभागाध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र भार्गव के मार्गदर्शन में ₹भारत में टिकाऊ कृषि के लिए मृदा ओर जल संरक्षण तकनीकें₹ का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर मुख्य विषय विशेषज्ञ प्रो. रजत जोशी द्वारा भारत में टिकाऊ कृषि पद्धतियां जो भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जरूरतो को पूरा करने की क्षमता से समझोता किए बिना वर्तमान खाद्य ओर वस्त्र आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है, और इसके लिए फसल चक, जैविक खाद, कम पानी का उपयोग और रासायनिक उवर्रकों/ कीटनाशको को कम करने जैसी तकनिकें अपनाई जाए जिससे मिट्टी, पानी और जैव विविधता का सरंक्षण हो और आर्थिक स्थिरता बनी रहें।



# कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो संग रिश्ता किया कंफर्म

**सिंगर ने पूर्व पीएम के साथ जापान ट्रिप की फोटो शेयर कीं, एक-दूसरे को निहारता दिखा कपल**

अमेरिकी सिंगर कैटी पेरी ने फाइनली कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के साथ अपने रिश्ते को कंफर्म कर दिया है। कैटी ने अपनी और जस्टिन की टोक्यो ट्रिप की कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा- टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर।

एक फोटो में कैटी और जस्टिन सेल्फी लेते दिख रहे हैं। दोनों की खुशी उनके चेहरे पर साफ नजर आ रही हैं। वहीं, एक वीडियो में दोनों किसी रेस्टोरेंट में हैं, जहां कैटी जापानी डिश सुशी ट्राई करते नजर आ रही हैं। इस दौरान जस्टिन उन्हें प्यार ने निहार रहे होते हैं। साथ के एक और वीडियो में दोनों एग्जीबिशन में इंटरैक्टिव क्रिएटिव पीस देखते दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि कैटी और जस्टिन लंबे समय से अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं लेकिन दोनों की तरफ से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया था। लेकिन अब कैटी के इस पोस्ट से दोनों के रिश्ते पर मुहर लग गई है।

वहीं, इससे पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा अपने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी, कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और कैटी पेरी के साथ पर एक फोटो शेयर की थी।

इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा था कि कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ट्रूडो अपने साथी के साथ जापान आए और हमारे साथ लंच किया। प्रधानमंत्री रहते हुए ट्रूडो से कई बार मुलाकात हुई थी और दोनों ने मिलकर जापान-कनाडा कार्य योजना पर काम किया था। जस्टिन ट्रूडो ने इस पोस्ट को री-शेयर किया था और लिखा- 'कैटी और मैं आपके और युको के साथ समय बिताकर बहुत खुश थे।'



# खाना खाने के बाद फ्लाइट में बेहोश हुईं नीलम कोठारी

**बोलीं- एयरवेज की बड़ी लापरवाही, किसी क्रू मेंबर ने मदद नहीं की**




एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने हाल ही में टोरंटो से मुंबई की फ्लाइट में अपने साथ हुई एक परेशान करने वाली घटना शेयर की। नीलम ने दावा किया कि खाना खाने के कुछ देर बाद वे बेहोश हो गईं, लेकिन फ्लाइट क्रू ने उनकी कोई मदद नहीं की।

नीलम ने सोशल मीडिया पर लिखा, एतिहाद एयरवेज, मैं अपनी हाल ही की टोरंटो से मुंबई की फ्लाइट में मेरे साथ हुए व्यवहार से बहुत निराश हूं।मेरी फ्लाइट 9 घंटे से ज्यादा लेट थी और फ्लाइट के दौरान खाना खाने के बाद मैं बहुत बीमार पड़ गई और बेहोश हो गई। नीलम ने पोस्ट में आगे लिखा, एक यात्री ने मुझे सीट तक वापस बैठने में मदद की, लेकिन आपके क्रू मेंबर ने एक बार भी हालचाल नहीं पूछा और न कोई मदद की। मैंने आपकी कस्टमर सर्विस से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला। इस तरह की लापरवाही बिल्कुल अस्वीकार्य है। कृपया इस मामले को जल्दी से देखें और कार्रवाई करें। जब एक यूजर ने नीलम को ही जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की, तो उन्होंने जवाब दिया, ह्लअगर ऐसा तुम्हारे या तुम्हारे अपने के साथ होता, तो तुम ऐसा नहीं कहते।
1980-90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 1984 में फिल्म जवानी से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी और इल्जाम, लव 86, घर का चिराग, हम साथ साथ हैं, खुदगर्ज, हत्या और दो कैदी जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

फिल्मों से दूर जाने के बाद, उन्होंने ज्वेलरी का बिजनेस शुरू किया और हाल ही में उन्हें फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स और मेड इन हेवन जैसे शो में देखा गया।



# कंगना रनोट ने संसद में माफी मांगी

**बोलीं- राहुल ने फोटो दिखा ब्राजीलियन महिला की निजता भंग की, एलओपी ने कहा था- हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ**

हिमाचल की मंडी लोकसभा से भाजपा सांसद एक्ट्रेस कंगना रनोट ने बुधवार को संसद में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लीडर ऑफ अपोजीशन राहुल गांधी की ओर से दिल्ली में एक प्रेजेंटेशन के दौरान ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाए को लेकर आपत्ति जताई। साथ ही कंगना ने कांग्रेस पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया।

कंगना ने कहा, 'विपक्ष ने एक अंतरराष्ट्रीय महिला की तस्वीर का इस्तेमाल कर उसका अपमान किया। समाज में उस महिला का भी सम्मान है। कांग्रेस ने प्ले-कार्ड लगाकर नियम तोड़े हैं। मैं सदन की ओर से उस महिला से माफी मांगती हूं।'

कंगना ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने जिस महिला की तस्वीर दिखाई थी, उसने खुद भी कई बार कहा कि वह कभी भारत नहीं आई है। कंगना ने कहा, 'उस महिला के पर्सनैलिटी राइट्स का ख्याल नहीं रखा गया। यह सीधा-सीधा उसकी निजता का हनन था।'

प्रियंका गांधी की मां को 1983 में नागरिकता मिली: कंगना ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- प्रियंका गांधी को याद रखना चाहिए कि उनकी मां (सोनिया गांधी) को 1983 में नागरिकता मिली थी। जबकि, वह उससे पहले भी वोट देती रहीं। आपका अतीत हो या वर्तमान, आपके चरित्र में ईमानदारी नहीं है। आपके परिवार ने कभी कानून और संविधान का सम्मान नहीं किया।'

पीएम मोदी दिलों को हैक करते हैं, एश्ट नहीं: कंगना ने कहा- सदन में कांग्रेस 'हर दिन एसआईआर-एसआईआर कर हंगामा करती रही, जिससे कार्यवाही बाधित हुई।' ईवीएम पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कंगना ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईवीएम को हैक नहीं करते, वह लोगों के दिलों को हैक करते हैं।'

# गुलाम-राज मूवी बनानेवाले विक्रम भट्ट 7 दिन की रिमांड पर

**30 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में मुंबई से पत्नी के साथ गिरफ्तार, उदयपुर लाया गया**



बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को एसीजेएम कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस सोमवार रात करीब 10 बजे मुंबई से उदयपुर लेकर आई थी। 30 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में 7 दिसंबर को दोनों को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने मंगलवार दोपहर में दोनों को कोर्ट में पेश किया। दोनों को चित्रकूट नगर स्थित महिला अपराध एवं अनुसंधान सेल में रखा गया था। मामले की जांच डीएसपी छगन सिंह राजपुरोहित कर रहे हैं। उदयपुर पहुंचने पर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी मीडिया के सामने चेहरा छिपाते रहे थे।

**हाईकोर्ट ने बेटी को गिरफ्तारी से प्रोटेक्शन दिया-** इधर, जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट में विक्रम भट्ट की गिरफ्तारी पर रोक को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने विक्रम की बेटी को गिरफ्तारी से प्रोटेक्शन देते हुए एसपी और जांच अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से 15 दिसंबर को कोर्ट में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। उदयपुर आईजी को भी वीसी से जुड़ने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले कोर्ट ने उदयपुर पुलिस को फटकार लगाते हुए इस मामले में जल्दबाजी पर नाराजगी जताई।

विक्रम के वकील महेंद्र गोदारा ने कोर्ट में बताया कि यह पूरा विवाद सिविल नेचर का है। जिस फिल्म को लेकर विवाद की बात कही जा रही है, वे आरोप भी बेबुनियाद हैं। क्योंकि विक्रम ने इस फिल्म का एक भाग पूरा भी कर लिया है। पुलिस ने आनन-फानन में बिना तथ्यों को देखें गिरफ्तार कर लिया।

**वेंडर संदीप को जमानत, को-प्रोड्यूसर की अर्जी खारिज-** इस मामले में 16 नवंबर को मुंबई से गिरफ्तार कर लाए गए भट्ट के को-प्रोड्यूसर महबूब अंसारी व फर्जी वेंडर संदीप की जमानत अर्जी पर सोमवार को उदयपुर कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने महबूब की अर्जी खारिज कर दी, जबकि वेंडर संदीप को सशर्त जमानत दे दी।

**6 सदस्यीय टीम मुंबई गई थी-** 7 दिसंबर को उदयपुर डीएसपी छगन राजपुरोहित की 6 सदस्यीय टीम ने मुंबई पहुंचकर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को उनके जुहू स्थित गंगाभवन कॉम्प्लेक्स के फ्लैट से गिरफ्तार किया था। यहां भट्ट के सुरक्षा गार्डों ने पुलिस को रोका भी था। सुरक्षा गार्डों ने पुलिस से कहा था कि साहब व उनकी पत्नी घर पर नहीं हैं। हालांकि पुलिस को हकीकत पता थी और दोनों गिरफ्तार कर लिए गए थे।

**व्यापारी की पत्नी की बायोपिक बनाने के नाम पर रुपए लिए-** राजस्थान के इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया ने 17 नवंबर को विक्रम भट्ट समेत 8 लोगों के खिलाफ 30 करोड़ की धोखाधड़ी की ऋक्षफ़उदयपुर में दर्ज कराई थी।

डॉ. अजय मुर्डिया का आरोप है कि एक इवेंट में उनकी मुलाकात दिनेश कटारिया से हुई थी। दिनेश कटारिया ने उन्हें पत्नी की बायोपिक बनाने का प्रस्ताव दिया। इस सिलसिले में दिनेश कटारिया ने 24 अप्रैल 2024 को मुंबई स्थित वृंदावन स्टूडियो बुलाया था। कटारिया ने उन्हें विक्रम भट्ट से मिलवाया, जहां भट्ट से बायोपिक बनाने पर चर्चा हुई थी। कुछ दिन बाद विक्रम और श्वेतांबरी भट्ट ने डॉक्टर अजय मुर्डिया को कहा- 7 करोड़ रुपए और फाइनेंस करके वे 4 फिल्में 47 करोड़ में बना सकते हैं। इन फिल्मों की रिलीज से 100 से 200 करोड़ रुपए तक मुनाफा हो जाएगा। इसके बाद उनके स्टाफ में अमनदीप मंजीत सिंह, मुदित, फरजाना आमिर अली, अबजानी, राहुल कुमार, सचिन गरगोटे, सबोबा भिमाना अडकरी के नाम के अकाउंट में 77 लाख 86 हजार 979 रुपए ट्रांसफर करवाए। इस तरह 2 करोड़ 45 लाख 61 हजार 400 रुपए ट्रांसफर किए। वहीं इंदिरा एंटरटेनमेंट से 42 करोड़ 70 लाख 82 हजार 232 रुपए का भुगतान किया गया, जबकि चार फिल्मों का निर्माण 47 करोड़ में किया जाना तय हुआ था।

**दो मूवी रिलीज हुई, एक पर काम भी शुरू नहीं किया-** विक्रम भट्ट और श्वेतांबरी भट्ट ने केवल दो फिल्म का निर्माण कर रिलीज करवाया। तीसरी फिल्म विश्व विराट लगभग 25 प्रतिशत ही बनाई गई। चौथी फिल्म महाराणा-रण की अभी तक शूटिंग भी शुरू नहीं हुई। आरोप है कि डायरेक्टर ने फिल्म महाराणा-रण के ही 25 करोड़ हड़प लिए।

इंदिरा आईवीएफ के मालिक डॉ. अजय मुर्डिया (पीड़ित) ने फिल्म डायरेक्टर, उनकी पत्नी, बेटी कृष्णा निवासी अंधेरी वेस्ट, मुंबई, दिनेश कटारिया निवासी सहेली नगर उदयपुर, महबूब अंसारी प्रोड्यूसर निवासी ठाणे, मुदित बुटट्टान निवासी दिल्ली, गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव डीएससी चेयरमैन, अशोक दुबे जनरल सेक्रेटरी, फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज मुंबई के खिलाफ भूपालपुरा (उदयपुर) थाने में रिपोर्ट दी थी।

### टॉप-10 में बाबर आजम और शाहीन को जगह नहीं, भारत में वैभव सूर्यवंशी पहले नंबर पर

# अभिषेक शर्मा पाकिस्तान में सबसे ज्यादा सर्च किए गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई





इस साल पाकिस्तान में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा सबसे ज्यादा सर्च किए गए क्रिकेटर रहे। पाकिस्तान के मोस्ट-सर्च्ड टॉप-5 खिलाड़ियों की सूची में वे नंबर-1 पर हैं और खास बात यह है कि वह इस लिस्ट में अकेले नॉन-पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं।

हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान के बड़े क्रिकेट सितारे जैसे बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ टॉप-10 लिस्ट में भी जगह नहीं बना पाए। 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच चार मुकाबले खेले गए और चारों में जीत भारत ने दर्ज की।

चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसी के साथ 14 साल के युवा वैभव सूर्यवंशी भारत में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले एथलीट बने हैं।

अभिषेक प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे अभिषेक शर्मा को एशिया कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। 25 साल के इस ओपनर ने टूर्नामेंट में 7 मैचों में 314 रन बनाए और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके बल्ले से 3 हाफ सेंचुरी, 32 चौके और 19 छक्के निकले। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शाहीन शाह अफरीदी और हरिस रउफ से हुई तीखी बहस भी खूब चर्चा में रही।

अभिषेक के बाद पाकिस्तान में जिन खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा सर्च किया गया, उनमें हसन नवाज, इरफान खान नियाजी, साहिबजादा फरहान और मुहम्मद अब्बास शामिल हैं।

**वैभव दुनियाभर में छठे सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले एथलीट**- भारत के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी साल 2025 में देश में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले व्यक्तित्व बने। वहीं, दुनिया भर में भी वे छठे सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले एथलीट रहे। कद्दछ, अंडर-19 क्रिकेट और टी-20 में लगातार रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की वजह से पिछले एक साल में उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। बिहार मूल के वैभव को पिछले साल सिर्फ 14 साल की उम्र में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था, जो आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र का कॉन्ट्रैक्ट है। इस साल उन्होंने आईपीएल में डेब्यू भी किया।

वैभव बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने यह उपलब्धि आईपीएल 2025 में राजस्थान की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ हासिल की थी।

**राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भी शतक**- राइजिंग स्टार्स एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी ने भी धमाकेदार प्रदर्शन किया था। वअए के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में शतक जड़ दिया, जिसमें 15 छक्के और 11 चौके शामिल रहे।

**प्रियांश आर्या दूसरे नंबर पर**- गूगल ट्रेंड्स 2025 की सर्च लिस्ट में वैभव के बाद दूसरे नंबर पर प्रियांश आर्या रहे। दिल्ली की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले प्रियांश आईपीएल में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। अपने पहले ही सीजन में उन्होंने 17 मैचों में 475 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा।

इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सिर्फ 12 गेंदों में फिफ्टी लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया था। टॉप-5 में आंध्र प्रदेश के गुन्टूर के 21 वर्षीय शेख रशीद का नाम भी शामिल रहा, जो कई लोगों के लिए चौंकाने वाली बात रही।

**रोड्रिग्स और मंधाना भी टॉप-10 में शामिल**- महिला खिलाड़ियों में जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना टॉप-10 में जगह बनाने में सफल रहीं। वहीं करुण नायर, भारत अंडर-19 टीम के कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे भी इस सूची में शामिल रहे। 17 साल के आयुष ने 48 गेंदों में 94 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी, साथ ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इसके अलावा गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल और मुंबई-केरल के स्पिनर विग्नेश पुथुर भी टॉप ट्रेंड्स की इस सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे।

# क्या गिल की जगह सैमसन को मौका मिलेगा





### शुभमन पिछली 16 पारियों में फिफ्टी नहीं लगा सके, साउथ अफ्रीका से दूसरा टी-20 आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़

न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर स्टेडियम पहली बार किसी इंटरनेशनल मैच की मेजबानी कर रहा है। यहां आज भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। ऐसे में फैंस की नजरें अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह जैसे होम बॉयज पर होंगी।

लेकिन, 26 साल के गिल अभी तक सबसे छोटे फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं। वे पिछली 16 पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके हैं। उन्होंने आखिरी फिफ्टी 13 जुलाई 2024 को जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में लगाई थी। ऐसे में सवाल यह है कि... सैमसन ने पिछले साल ओपनिंग करते हुए तीन शतक लगाए थे। उसके बाद से उन्हें 5 मौके ही मिले। जबकि गिल को 13 मैचों में ओपनिंग की। हालांकि, न्यू चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। आगे स्टोरी में बताएंगे सैमसन को ज्यादा मौके क्यों नहीं मिल रहे? क्या ओपनिंग में गिल से बेहतर सैमसन? हां, आंकड़े कुछ ऐसी ही कहानी बयां कर रहे हैं। गिल ने 34 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में ओपनिंग की है। उन्होंने 29.00 के एवरेज और 140.63 के स्ट्राइक रेट से 841 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, संजू सैमसन ने इसकी आधे 17 मैचों में 32.62 के एवरेज और 178.76 के स्ट्राइक रेट से 522 रन बना डाले हैं।

# प्रज्ञानानंद ने एफआईडीई सर्किट 2025 जीता, कैंडिडेट्स-2026 में जगह पक्की

### ऐसा करने वाले भारत के इकलौते पुरुष खिलाड़ी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिमला

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने एफआईडीई सर्किट 2025 जीतकर कैंडिडेट्स 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली है। वे अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत के अकेले पुरुष खिलाड़ी होंगे। साल भर कई बड़े टूर्नामेंटों में उनके शानदार खेल ने उन्हें यह मौका दिलाया।

चेन्नई के 19 साल के इस ग्रैंडमास्टर ने 2025 में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने वाइक आन जे मास्टर्स, सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया, उजचेस कप मास्टर्स और लंदन चेस क्लासिक ओपन जैसे बड़े टूर्नामेंट जीते। इसके अलावा स्टेपन अवाग्यान मेमोरियल में दूसरा स्थान मिला और सिंकफील्ड कप में टॉप-15 में रहे। हाल ही में हुए एफआईडीई वर्ल्ड कप में वे चौथे दौर तक पहुंचे थे।

विमेंस में तीन भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख, कोनेरू हम्पी और आर. वैशाली पहले ही महिला कैंडिडेट्स 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।

कैंडिडेट्स 2026 के लिए 7 खिलाड़ी फाइनल कैंडिडेट्स 2026 के आठ खिलाड़ियों में से अभी तक सात की पुष्टि हो चुकी है। अनीश गिरी, फेबियानो कारुआना, मैथियास ब्लूबाउम, जवोखिर सिंदारोव, वेई यी, आंद्रेई एसीपेंको और प्रज्ञानानंद शामिल है। जबकि अंतिम आठवां स्लॉट उस खिलाड़ी को मिलेगा, जिसकी अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक की 6 महीने की औसत स्टैंडर्ड रेटिंग सबसे अधिक हो।

इसके लिए खिलाड़ी को 1 फरवरी 2025 से 1 जनवरी 2026 के बीच कम से कम 40 स्टैंडर्ड गेम खेलने अनिवार्य हैं, जिनमें 6 महीने में कम से कम 15 गेम शामिल हों।

टूर्नामेंट कब और कहां होगा कैंडिडेट्स 2026 28 मार्च से 16 अप्रैल 2026 के बीच पेजिया, साइप्रस के कैप सेंट जॉर्जिस होटल एंड रिसॉर्ट में खेला जाएगा।

# अकरम ने आईपीएल को उबाऊ लीग कहा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) पर तंज कसा है। अकरम ने पाकिस्तान सुपर लीग के प्रमोशन इवेंट में कहा- 'ढाई से तीन महीने चलने वाली लीगें उबाऊ होती हैं। यह टूर्नामेंट कभी खत्म ही नहीं होता, बच्चे बड़े हो जाते हैं, लेकिन वो लीग खत्म ही नहीं होती।' आईपीएल का आयोजन मार्च से जून तक चलता है। अकरम का तंज इसी बात पर था।

लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक प्रमोशन शो पर अकरम ने कहा- 'पीएसएल की छोटी अवधि ने लीग को विदेशी खिलाड़ियों के लिए आकर्षक बना दिया है। प्रतिभा दिखाने के मामले में पीएसएल नंबर-1 है।' दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 11वें सीजन में 2 नई टीमों शामिल करने का ऐलान किया है। इन पर बोली 6 जनवरी, 2026 को लगाई जाएगी। नए इन्वेस्टर्स की तलाश करने के लिए ही इस शो का आयोजन किया गया था। जिसमें पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और पूर्व कप्तान वसीम अकरम शामिल हुए। अकरम ने कहा- पीएसएल की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34-35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की। आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### अमेरिका को

## भारत से अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रस्ताव मिले



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ने कहा कि भारत से व्यापार समझौते पर 'अब तक के सर्वश्रेष्ठ' प्रस्ताव मिले हैं। 50% टैरिफ विवाद और बाजार पहुंच को लेकर नई दिल्ली में दो दिवसीय उच्च स्तरीय वार्ता शुरू हो गई है। भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर ने खुलासा किया है कि वाशिंगटन को प्रस्तावित व्यापार समझौते के संबंध में नई दिल्ली से अब तक के सबसे अच्छे प्रस्ताव मिले हैं। यह बयान बुधवार को दिल्ली में दो दिवसीय उच्च स्तरीय वार्ता शुरू होने के ठीक बाद आया है, जिसका उद्देश्य गहरे होते टैरिफ गतिरोध को दूर करना है। मंगलवार को वाशिंगटन में सीनेट विनियोग उपसमिति की सुनवाई में बोलते हुए, ग्रीर ने सतर्कता के साथ व्यापार समझौते पर उम्मीद जताई। उन्होंने स्वीकार किया कि हालांकि भारत अब भी एक कठिन चुनौती बना हुआ है, लेकिन वार्ता की वर्तमान दिशा आशाजनक है। ग्रीर ने सीनेट पैनल को बताया, वे जिस तरह के प्रस्तावों के बारे में हमसे बात कर रहे हैं... वे एक देश के रूप में हमें अब तक मिले सबसे अच्छे प्रस्ताव हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जहां कुछ अमेरिकी 'रो क्रॉप्स' विशेष रूप से मक्का, सोयाबीन, गेहूं और कपास के लिए बाजार खोलने को लेकर भारत में अभी भी प्रतिरोध है, वहीं अन्य क्षेत्रों में नई दिल्ली का रुख 'काफी सकारात्मक और आगे बढ़ने वाला' रहा है। ग्रीर ने वाशिंगटन की अपने निर्यात स्थलों में विविधता लाने की बढ़ती रुचि का संकेत देते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह एक व्यवहार्य वैकल्पिक बाजार है। इन टिप्पणियों ने नई दिल्ली में चल रही महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए एक रचनात्मक पृष्ठभूमि तैयार की है।

### संसद में सरकार ने बताया, इंडिगो क्या बोली जानिए

# 9.5 लाख पीएनआर कैंसिल और 827 करोड़ का रिफंड

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकार ने इंडिगो प्रकरण पर संसद में जानकारी दी है। सरकार ने बताया है कि इस संकट की अवधि में कुल 9,55,591 पीएनआर (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) कैंसिल किए गए और रिफंड प्रोसेस किया गया। इसका कुल मूल्य 827 करोड़ रुपये है। एक पीएनआर में एक से अधिक यात्री भी हो सकते हैं, इसलिए प्रभावित यात्रियों की संख्या 9.5 लाख से कहीं अधिक हो सकती है। इंडिगो ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यात्रियों के लिए संदेश साझा किया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत के एविएशन बाजार की सबसे दिग्गज कंपनी इंडिगो बीते कुछ दिनों से संकट में है। इस संकट के लिए वह खुद जिम्मेदार है या हालात ने ये समीकरण बनाए हैं इसका पता तो सरकार की ओर से शुरू की गई जांच के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल सरकार ने इस प्रकरण से जुड़े कुछ आंकड़े संसद में पेश किए हैं। इंडिगो के लिए पिछले दो हफ्ते किसी बुरे सपने से कम नहीं रहे। परिचालन से जुड़ी परेशानियों और लगातार रद्द हो रही उड़ानों के कारण यह संकट अब वित्तीय और साख दोनों ही तरह के नुकसान का कारण बन रहा।

**3 से 15 दिसंबर के बीच की रद्द उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू-** इस बीच, इंडिगो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया कि 3 दिसंबर 2025 और 15 दिसंबर 2025 के बीच रद्द की गई उड़ानों के लिए रिफंड की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। एयरलाइन ने यात्रियों से कहा, ₹अगर इस व्यवधान के कारण आपकी योजनाएं बदल गई हैं, तो हम 15 दिसंबर 2025 तक की यात्रा के लिए मान्य सभी बुकिंग के लिए बदलाव और कैंसिलेशन के अनुरोधों पर पूरी छूट भी दे रहे हैं। इंडिगो ने कहा है कि यात्री https://bit.ly/4iGWxU9 पर जाकर और आसान चरणों का पालन करके रिफंड हासिल कर सकते हैं।

एयरलाइन के अनुसार रिफंड जिस तरीके से भुगतान किया गया है उसी तरीके से यात्रियों के खाते में जमा की जाएगी और ऐसा एक या दो लेनदेन के जरिए हो सकता है। इंडिगो ने यात्रियों से कहा है, आपकी यात्रा में आई बाधा के लिए हमें गहरा खेद है। कृपया आश्वस्त रहें कि हमारी टीमें, जमीनी स्तर पर और पर्दे के पीछे, सभी प्रभावित ग्राहकों की सहायता करने और जल्द से जल्द सामान्य संचालन बहाल करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।

**9000 में लगभग आधे बैग ग्राहकों को वापस, बाकी 36 घंटे में वापस करने का लक्ष्य-** उड़ानों के रद्द होने से ज्यादा यात्रियों को परेशानी उनके खोए हुए सामान (बैगेज) ने किया। सरकार ने सदन को सूचित किया कि इस अव्यवस्था के दौरान कुल 9,000 बैग अपने मालिकों तक नहीं पहुंच पाए थे। अब तक 4,500 बैग (कुल का 50%) ग्राहकों को वापस वितरित किए जा चुके हैं। मंत्रालय और एयरलाइन ने शेष बचे बैगों को वितरित करने के लिए अगले 36 घंटों का लक्ष्य रखा है। यह समयसीमा एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। आसमान में लौटने की कोशिश, लेकिन 500 उड़ानें अब भी रद्द हैं। इंडिगो अपने नेटवर्क को सामान्य करने की पूरी कोशिश कर रही है, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं है। आज के ऑपरेशनल प्लान के मुताबिक एयरलाइन अपने 138 गंतव्यों में से 137 के लिए उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है, जो रिकवरी का संकेत है। आज कुल 1,802 उड़ानें शेड्यूल की गई हैं। सुधार के बावजूद, आज भी लगभग 500 उड़ानें रद्द रहेंगी। यह एक सामान्य दिन के मुकाबले बहुत बड़ी संख्या है और यह दशार्ता है कि पूरी तरह से पटरी पर लौटने में अभी और वक्त लगेगा।



### रद्द उड़ानों के लिए 827 करोड़ का दिया गया रिफंड

सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, 21 नवंबर से 7 दिसंबर 2025 के बीच एयरलाइन को करीब 800 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड यात्रियों को चुकाना पड़ा है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि इससे इंडिगो की बैलेंस शीट पर दबाव पड़ना तय है। मंत्रालय की ओर से दिए गए आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाला पहलू कैंसिलेशन का वॉल्यूम और रिफंड की राशि है। इसके अनुसार, 17 दिनों में एयरलाइन को करीब 827 करोड़ रुपये का रिफंड देना पड़ा है। सरकार ने बताया कि उक्त अवधि में इस अवधि में कुल 9,55,591 ढठफ(पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) कैंसिल किए गए और रिफंड प्रोसेस किया गया। इसका कुल मूल्य 827 करोड़ रुपये है। ध्यान रहे कि एक पीएनआर में एक से अधिक यात्री भी हो सकते हैं, इसलिए प्रभावित यात्रियों की संख्या 9.5 लाख से कहीं अधिक हो सकती है। सरकार ने बताया कि दिसंबर शुरू होते ही संकट गहरा गया। दिसंबर के पहले हफ्ते में महज सात दिनों के भीतर 5,86,705 पीएनआर कैंसिल हुए, जिसके लिए एयरलाइन को 569.65 करोड़ रुपये वापस करने पड़े। कुल रिफंड का लगभग 69% हिस्सा केवल दिसंबर के पहले हफ्ते के दौरान यात्रियों की दिक्कतों के लिए ही चुकाया गया।

### ईडी ने फेमा के

## 'उल्लंघनों' के आरोप में रिलायंस इंफ्रा के 13 बैंक खाते जब्त किए



ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

ईडी ने बाताया है कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में आर-इंफ्रा के 13 बैंक खातों को जब्त कर लिया गया है, जिनमें 54.82 करोड़ रुपये की राशि जमा है। आर-इंफ्रा ने बुधवार को एक नियामक फाइलिंग में भी इसकी जानकारी दी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के एक दर्जन से अधिक बैंक खातों को जब्त किया है। इन खातों में करीब 55 करोड़ रुपये की जमा राशि है। यह कार्रवाई हवाला से जुड़े फेमा की जांच के तहत की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। ईडी ने बताया है कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आर-इंफ्रा) ने अपने विशेष प्रयोजन वाहनों (एसपीवी) के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा ठेके दिए गए राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं से सार्वजनिक धन की हेराफेरी की और उसे अवैध रूप से यूएई भेज दिया। यह जांच 2010 में कंपनी को दिए गए एक टेंडर से संबंधित है, जिसमें कंपनी को जेआर टोल रोड (जयपुर-रींगस राजमार्ग) के निर्माण के लिए ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) अनुबंध दिया गया था। एजेंसी ने कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में आर-इंफ्रा के 13 बैंक खातों को जब्त कर लिया गया है, जिनमें 54.82 करोड़ रुपये की राशि जमा है। आर-इंफ्रा ने बुधवार को एक नियामक फाइलिंग में कहा कि उसे ईडी से एक आदेश प्राप्त हुआ है, ₹जिसके तहत उसने ऋएटअ के तहत कथित उल्लंघनों के संबंध में कंपनी के बैंक खातों में 77.86 करोड़ रुपये की राशि पर ग्रहणाधिकार लगा दिया है। ईडी ने पिछले महीने अंबानी (66) को इस मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए हाजिरी नहीं दी कि वे केवल वर्चुअल उपस्थिति ही दर्ज करा सकते हैं।

### क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी का शिकंजा, सरकार ने बताया

# 4190 करोड़ की संपत्ति जब्त और एक भगोड़ा घोषित

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय क्रिप्टो धाखाधड़ी मामलों में सक्रिय जांच और कार्रवाई कर रही है। अब तक इन जांचों के दौरान न केवल हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त या फ्रीज की गई, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने 22 आरोप पत्र भी दाखिल किए। सरकार ने इस बारे में सोमवार को लोकसभा में क्या-क्या बताया, आइए विस्तार से जानते हैं।

सरकार ने ईडी की कार्रवाई पर लोकसभा में सोमवार को आंकड़े दिए। सरकार ने बताया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने 4,189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। इन मामलों में एक आरोपी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी भी घोषित किया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

**क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की गहराई से हो रही जांच-** सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है। इन जांचों के दौरान न केवल हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त या फ्रीज की गई, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने 22 आरोप पत्र भी दाखिल किए। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि सरकार वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के दुरुपयोग को लेकर कितनी गंभीर है, विशेष रूप से तब जब हाल ही में वीडीए को पीएमएलए के दायरे में लाया गया।

**आयकर विभाग की भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर-** प्रवर्तन निदेशालय के अलावा आयकर विभाग भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लेनदेन से जुड़ी 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया। विभाग ने अनुपालन को सख्ती से लागू करने के लिए उन करदाताओं को भी रडार पर लिया है जिन्होंने अपने आयकर रिटर्न में 'शेड्यूल वीडीए' के तहत सूचना नहीं दी। वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि ऐसे 44,057 करदाताओं को सीबीडीटी की ओर से नोटिस भेजे गए हैं, जिन्होंने वीडीए में निवेश या व्यापार तो किया, लेकिन उसकी रिपोर्टिंग नहीं की।



### नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए वैश्विक समन्वय की जरूरत

क्रिप्टो पर नियामकीय ढांचे के भविष्य पर बात करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा, ₹नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। नियामकीय आर्बिट्रेज एक ऐसी रणनीति है, जिसका इस्तेमाल कंपनियां (खासकर, वित्तीय और क्रिप्टो कंपनियां) नियमों की खामियों, दो देशों के कानूनों में अंतर, या किसी विशेष नियम के न होने का फायदा उठाने के लिए करती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य मुनाफा बढ़ाना, टैक्स बचाना या कड़े कानूनों के पालन से बचना होता है। क्रिप्टो के लिए भविष्य में को भी नियम बनाने से पहले जोखिमों और लाभों के मूल्यांकन के साथ-साथ मानकों पर महत्वपूर्ण वैश्विक सहयोग जरूरी है। सरकार के इन बयानों से जाहिर है कि भारत क्रिप्टो के मामले में जल्दबाजी में फैसले लेने के बजाय वैश्विक आम सहमति के साथ आगे बढ़ने की रणनीति पर काम कर रहा है।

### इंडो-रूस बिजनेस फोरम में बोले पीएम मोदी

# भरोसा ही भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत...

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इंडो-रूस बिजनेस फोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आर्थिक साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने संयुक्त रूप से वैक्सीन व कैंसर दवाओं के विकास पर जोर देने की घोषणा की। पुतिन ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति की सराहना की।

पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को भारत मंडपम में इंडो-रूस बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों पर स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा हमें वैश्विक चुनौतियों के लिए स्थायी समाधान तैयार करने होंगे। पुतिन की मौजूदगी में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर तेजी से काम जारी है। पीएम ने आग कहा कि भारत और रूस स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि भारत और रूस मिलकर वैक्सीन और कैंसर की दवाओं का विकास करेंगे। आज भारत दुनिया की स्किल कैपिटल बनकर उभर रहा है। रूसी भाषा में भारतीय युवाओं को प्रशिक्षित करके हम एक दक्ष वर्कफोर्स तैयार कर सकते हैं, जो दोनों देशों को गति देगी। पीएम मोदी ने आगे बताया कि भारत और रूस मिलकर वैक्सीन और कैंसर की दवाओं का विकास करेंगे। आज भारत दुनिया की स्किल कैपिटल बनकर उभर रहा है। रूसी भाषा में भारतीय युवाओं को प्रशिक्षित करके हम एक दक्ष वर्कफोर्स तैयार कर सकते हैं, जो दोनों देशों को गति देगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि पर्यटक वीजा को लेकर आज महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिससे दोनों देशों के नागरिकों को लाभ होगा। उन्होंने इंडो-रूस संबंधों को को-इनोवेशन, को-प्रोडक्शन और को-क्रिएशन पर आधारित बताया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इतने बड़े रूसी प्रतिनिधिमंडल को यहां लाना राष्ट्रपति पुतिन की बहुत महत्वपूर्ण पहल है। मैं सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। हमारी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास पर टिकी है और यही भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत है।

## हनुमानगढ़ में बवाल, किसानों-पुलिस में झड़प:16 गाड़ियों में आग लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हनुमानगढ़



हनुमानगढ़ के टिब्बी कस्बे में एथेनॉल फैक्ट्री का विरोध कर रहे किसान और पुलिस आमने-सामने हो गए। हनुमानगढ़ में पुलिस और किसानों में झड़प हो गई। किसानों ने ट्रैक्टरों से ड्यून इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड की निमार्णाधीन फैक्ट्री की दीवार को तोड़ दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। किसानों ने कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की और 16 को आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

मामला टिब्बी इलाके के राठी खेड़ा गांव का बुधवार का है। किसान के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया लाठीचार्ज में घायल हो गए। उन्हें हनुमानगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया। उपद्रव में कई पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारी घायल बताए गए हैं। इससे पहले फैक्ट्री के विरोध में किसानों ने एसडीएम कार्यालय के सामने सभा की। शाम 4 बजे किसानों ने फैक्ट्री की दीवार तोड़ने के लिए कूच कर दिया। इससे एकाएक ही अफरा-तफरी मच गई।

### चंडीगढ़ में रजिस्टर्ड है कंपनी

2020 में स्थापित ड्यून इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की हनुमानगढ़ में 40 मेगावाट के अनाज-आधारित इथेनॉल प्लांट लगाने की योजना है। कंपनी चंडीगढ़ में रजिस्टर्ड है। इसके डायरेक्टर जतिंदर अरोरा और रॉबिन जिंदल हैं। फैक्ट्री को एनवायरनमेंट क्लियरेंस(एउ) नहीं मिली थी, 2022 से आवेदन पेंडिंग है।

### पिथौरागढ़ में उत्तराखंड का सबसे भारी वाद्ययंत्र

# 1 क्विंटल के दमाऊ को उठा बजाता है अकेला व्यक्ति, थाप पर अवतरित होते हैं देवता

### देवी देवताओं को समर्पित होते हैं दमाऊ

### पूरी आस्था के साथ बजाया जाता है यह भारी भरकम दमाऊ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चमौली



पिथौरागढ़ जिले के कनार गांव में स्थित कोकिला माता भगवती मंदिर में ऐसा दमाऊ है, जिसका वजन लगभग एक क्विंटल है। इसे उत्तराखंड का सबसे बड़ा पारंपरिक दमाऊ माना जाता है। इसकी गूंज न केवल मंदिर परिसर में बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी महसूस होती है।

कनार के अलावा जारा जिबली गांव में भी लगभग 80 किलो वजनी दैन दमाऊ है। इन दमाऊ को तांबे का बनाया जाता है और इन्हें बजाने के लिए लकड़ी के डंडे, जिन्हें लुकुड़ कहते हैं, इस्तेमाल किए जाते हैं। भारी होने के बावजूद इन्हें बजाने वाले पूरी आस्था और पारंपरिक लय में डूबे रहते हैं।

कुमाऊं में छोटे दमाऊ को बौं दमाऊ (बायां दमाऊ) और बड़े दमाऊ को दैन दमाऊ (दाहिना दमाऊ) कहा जाता है। मंदिरों में जागर और विशेष पूजा अवसरों पर इन्हें देवी-देवताओं के आवाहन और मंगल कार्यों में बजाया जाता है। दमाऊ की थाप पर ही छलिया नृत्य जैसी लोक कलाएं जीवंत हो उठती हैं।

कुमाऊं में कहीं कहीं बड़े दमाऊ की जगह ढोल भी बजाया जाता है। मुख्य रूप से यह दमौं देवी-देवताओं को समर्पित होते हैं और इनका अधिकांश उपयोग देवी-देवताओं के मंदिरों में जागर और विशेष पूजा के अवसर पर किया जाता है। इन्हीं ढोल दमाऊ की थाप पर देव डंगरियों पर अवतरित होकर देवता नृत्य करते हैं। दमौं के साथ तुरही, भकोर भी बजाए जाते हैं। पिथौरागढ़ के कनार गांव में जो दैन दमौं है उसे भारी वजन के कारण बजाना आसान नहीं होता है। इसके बावजूद जगरिए ढोल दमौं वादक विशेष लय ताल के साथ बजाते हैं। इस दमौं को बजाने के दौरान वह पूरी तरह से आस्था में डूबे रहते हैं। स्थानीय जीवन सिंह ने बताया कि इस दमौं को बजाने से पहले इसमें पानी भरा जाता है। इससे इसका वजन दोगुना हो जाता है।

ऐसे में दमाऊ को डंडे पर लटकाकर दो लोग कंधों पर उठाते हैं। इसके बाद एक व्यक्ति इस दमाऊ को बजाता है। तब दमाऊ की आवाज से पेड़ों की टहनियों में भी कंपन महसूस होता है। कुमाऊं का प्रमुख छलिया नृत्य भी दमाऊ की धुन पर ही होता है। इस नृत्य ने अब वैश्विक पहचान भी बना ली है। आजकल होने वाले विवाह समारोहों की शान माने जाने वाले छलिया दल इन्हीं दमाऊ की ताल के अनुसार नृत्य करते हैं। दमाऊ के साथ झाली और मशकबीन इन वाद्य यंत्रों की धुन को और अधिक मधुर बना देते हैं। इन वाद्य यंत्रों के माध्यम से विभिन्न ताल और संगीत के स्वरूपों का निर्माण हुआ, जिसे ह्यढोल सागरह्न कहा जाता है, जिसमें लगभग 1200 श्लोकों का वर्णन है।

### दमाऊ जिसे शुभकार्य की शुरूआत में बजाया जाता है।

ढोल-दमाऊ केवल वाद्य यंत्र नहीं हैं, बल्कि यह पहाड़ी समाज की संस्कृति, लोककला और धार्मिक जीवन की आत्मा से जुड़े हैं। इन्हें मंगल वाद्य के रूप में पूजा जाता है और किसी भी शुभकार्य या समारोह के आरंभ में इनकी गूंज अनिवार्य मानी जाती है। लोकश्रुति के अनुसार, इनकी उत्पत्ति भगवान शिव के डमरू से हुई और इन्हें शिव-शक्ति के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। ढोल-दमाऊ के माध्यम से न केवल देवी-देवताओं का आवाहन किया जाता है, बल्कि विशेष अवसरों जैसे शादी, हल्दी हाथ, बारात प्रस्थान और विभिन्न पूजा-अनुष्ठानों में इनके अलग-अलग ताल बजाए जाते हैं। आज भी गढ़वाली समाज में आधुनिक वाद्य यंत्रों के बीच, ढोल-दमाऊ की परंपरा जीवित है और इसे बजाकर नृत्य और सामाजिक मेलजोल की अनुभूति होती है। पहाड़ों में यह कला न केवल सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि धार्मिक और सामाजिक ऊर्जा का भी रूप है।

### ढोल सागर में है 1200 श्लोकों का वर्णन



उत्तराखंड के पहाड़ी समाज में ढोल-दमाऊ सदियों से सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। इतिहासकारों के अनुसार, ढोल मूलतः पश्चिम एशियाई वाद्य यंत्र है जिसे 15वीं शताब्दी में भारत लाया गया था। भारत में इसका पहला उल्लेख ह्लआईन-ए-अकबरीह्व में मिलता है। गढ़वाल में लगभग 16वीं शताब्दी के आसपास ढोल बजाने की परंपरा शुरू हुई।

युद्ध के मैदानों में सैनिकों के उत्साह और कुशल नेतृत्व के लिए इसे प्रयोग में लाया जाता था। धीरे-धीरे यह कला युद्धक्षेत्र से निकलकर समाज के धार्मिक और सामाजिक जीवन में प्रवेश कर गई। उत्तराखंड की लोककला में ढोल-दमाऊ ने अपनी विशेष जगह बनाई और आज भी यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से चली आ रही है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कारें टकराईं, लाशें 20 मीटर तक बिखरीं

# आजमगढ़ के सिपाही की पत्नी और 4 बच्चों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाराबंकी

बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस-वे पर खड़ी वैगनआर को ब्रेजा कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों गाड़ियों में आग लग गई। लपटें 5 किमी दूर तक दिखाई दे रही थीं।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार सवार उछलकर 20 मीटर दूर तक जा गिरे। हादसे में वैगनआर में सवार सिपाही का पूरा परिवार खत्म हो गया। उसकी पत्नी, तीन बेटियों और एक बेटे की मौत हो गई। लाशें एक्सप्रेस-वे पर बिखर गई थीं।

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह खींचकर 5 लोगों को बचाया। घायलों को बाराबंकी की हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उऌउ) से लखनऊ में राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुबेहा थाना क्षेत्र के डीह कुड़वा डीह गांव के पास माइल स्टोन 51.6 पर हुआ। यह राजधानी लखनऊ से 59 किमी की दूरी पर है। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां पूरी तरह जल गई थीं। हादसे के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लंबा जाम लग गया।



### कैसे हुआ हादसा...

प्रधान प्रतिनिधि बोले- बच्चे पानी पी रहे थे, तभी ब्रेजा ने टक्कर मारी कुड़वा डीह गांव के प्रधान प्रतिनिधि अनिल ने बताया- दोपहर करीब ढाई बजे वैगनआर कार (वढ 14 उड़ 2088) एक्सप्रेस-वे पर खड़ी थी। उसका बोनट खुला हुआ था। एक महिला और पुरुष गाड़ी के आगे खड़े हुए थे। तीन बच्चे कार के अंदर पानी पी रहे थे। तभी आजमगढ़ की ओर से आई ब्रेजा कार (ऊछ 3 उउ 5826) ने पीछे से वैगनआर को भीषण टक्कर मार दी। टक्कर होते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन, वैगनआर कार में आग लग गई। उसकी लपटों ने ब्रेजा कार को भी चपेट में ले लिया। राहगीर भी मदद के लिए दौड़े। सूचना पाकर मौके पर पुलिस और यूपीडा के कर्मचारी भी पहुंच गए।

पुलिस अधिकारियों ने दोनों कारों को एक्सप्रेस-वे से हटवाया। पुलिस के अनुसार, वैगनआर में उठऋ सिलेंडर था, इससे आग भड़क उठी। ब्रेजा कार दिल्ली और वैगनआर गाजियाबाद के नंबर पर रजिस्टर्ड है।

सिपाही की पत्नी और चार बच्चों की मौत वाराणसी के रहने वाले सिपाही जावेद अशरफ सिद्दीकी यूपी पुलिस में हैं। उनकी तैनाती इस समय आजमगढ़ में है। बुधवार को जावेद का परिवार वैगनआर से मऊ से लखनऊ आ रहा था। कार में उनकी पत्नी चांदनी उर्फ गुलफ्शां (30 साल), तीन बेटियां इस्मा (4 साल), इलमा (6 साल) और समरीन (12 साल), और बेटा जियान (10 साल) सवार थे। कार चांदनी का भाई जीशान चला रहा था। वह मऊ में घोसी थाना क्षेत्र के फूलपुर का रहने वाला है। हादसे में जीशान घायल हुआ, बाकी सभी की मौत हो गई।

वहीं, ब्रेजा सवार दिल्ली के दक्षिणपुरी निवासी दीपांशु मिश्रा (24 साल), बहन दीप्ति मिश्रा (16 साल), तृप्ति मिश्रा (17 साल), प्रगति मिश्रा (23 साल) घायल हुई हैं। दीप्ति की हालत नाजुक है। शवों की हालत बेहद खराब थी। पुलिसवालों ने उन्हें ढक दिया था।


### जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ईश्वर पिता राम गिरी जाति गुसाई निवासी गांव पालाखेडी तह हातोद जिला इन्दौर म.प्र. ने भूमि स्वामी शंकरलाल पिता रामसिह आंजना जाति आंजना निवासी आक्यानजीक तह नागदा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 540/1 रकबा 2.98 व 573/1 रकबा 0.68 हेक्टेयर ग्राम आक्यानजीक तह नागदा जिला उज्जैन में स्थित है को मय तल लगायत हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से सौदा चिठ्ठी का निष्पादन कर टोकन राशि अदा कर दी है तथा जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में बयाना राशि अदा कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएँगा उसके पश्चात अनुबंध पत्र में उल्लेखित शर्त अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र रजिस्ट्री का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जाएगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त संपत्ति में कोई हक हित हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित लिखित में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें. ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**शुभम सोलंकी एडव्होकेट**
**कार्यालय : बृजेश मार्केट उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 8269772456**


## पाकिस्तान को 12 राज्यों में बांटने की तैयारीः

# भुट्टो की पार्टी विरोध में, कहा- अल्लाह के अलावा कोई सिंध को बांट नहीं सकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के चारों प्रांतों को 12 हिस्सों में बांटने की तैयारी चल रही है। देश के संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान ने कहा है कि देश में छोटे-छोटे प्रांत बनना अब तय है। उनका कहना है कि इससे शासन बेहतर होगा।

अब्दुल अलीम खान रविवार को शेखूपुरा में इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंध और पंजाब में तीन-तीन नए प्रांत बनाए जा सकते हैं। ऐसा ही विभाजन बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हो सकता है।



अलीम खान ने कहा कि हमारे आसपास के देशों में कई छोटे प्रांत हैं। इसलिए पाकिस्तान में भी ऐसा होना चाहिए। अलीम खान की पार्टी क्ढढ पीएम शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार का हिस्सा है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी ढढढ ने इसका विरोध किया है।

सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने धमकी देते हुए कहा कि अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता।

शहबाज सरकार में शामिल बिलावल भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (ढढढ) ने साफ कहा है कि सिंध को बांटने का किसी भी कीमत पर विरोध किया जाएगा। ढढढ लंबे समय से खासकर सिंध के बंटवारे का विरोध करती रही है। पिछले महीने सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने साफ चेतावनी दी थी कि सिंध के हितों के खिलाफ कोई कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ढढढ अपने प्रांत या देश के हितों के खिलाफ किसी भी कदम को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि नए राज्य बनने की अफवाहें चल रही हैं। लेकिन इसे एक कान से सुनें और दूसरे से निकाल दें। अल्लाह के सिवा कोई भी सिंध को बांटने की ताकत नहीं रखता।

नए प्रांतों की मांग पहले भी उठती रही है, लेकिन कभी मुकाम तक नहीं पहुंची। पाकिस्तान में 1947 के वक्त पांच प्रांत थे। इनमें पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब, सिंध, नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविंस (ठहत्र्द्ध) और बलूचिस्तान शामिल थे।

1971 में पूर्वी बंगाल अलग होकर आज का बांग्लादेश गया। बाद में ठहत्र्द्ध का नाम बदलकर खैबर पख्तूनख्वा रखा गया। इस बार प्रस्ताव को कुछ थिंक-टैंक और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (टद्ट-ढ) जैसी पार्टियों ने भी समर्थन दिया है।

### कई छोटी पार्टियां भी विरोध में

ढढढ के अलावा कई छोटे दल भी इस बंटवारे के विरोध में हैं। अवामी नेशनल पार्टी (अठढ) और बलूच राष्ट्रवादी दलों ने इसे बांटो और राज करो की नीति बताया है।

इन लोगों का कहना है कि छोटे प्रांत बनाने से




स्थानीय पहचान और संस्कृति कमजोर हो सकती है। बड़े प्रांतों की राजनीतिक ताकत टूट जाएगी। सेना और केंद्र सरकार की पकड़ और मजबूत हो जाएगी। इसके अलावा बलूचिस्तान जैसे इलाकों में तनाव और भड़क सकता है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कदम देश की पहले से अस्थिर राजनीति को और उलझा सकता है।

### नए प्रांत बनाने के लिए दो तिहाई बहुमत जरूरी

कई पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान के सत्ता ढांचे में पिछले कुछ सालों में सेना का प्रभाव बढ़ा है। ऐसे में प्रांतों को बांटने का फैसला प्रशासनिक सुधार से ज्यादा राजनीतिक कंट्रोल बढ़ाने की रणनीति भी हो सकती है। नए प्रांत बनने के लिए संविधान में संशोधन जरूरी है और उसके लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत चाहिए। अगर पाकिस्तान 12 प्रांतों में बंटता है, तो देश का प्रशासनिक ढांचा, राजनीति और संसाधन-बंटवारा पूरी तरह से बदल जाएगा।

## ट्रम्प बोले- सेक्रेटरी लीविट का चेहरा खूबसूरत; उनके होंठ मशीनगन की तरह, रुकते ही नहीं




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट की जमकर तारीफ की है। पेंसिलवेनिया में भाषण देते हुए ट्रम्प अचानक 28 साल की लीविट की खूबसूरती और आत्मविश्वास की तारीफ करने लगे।

ट्रम्प ने रैली में कहा कि हम अपनी सुपरस्टार कैरोलिन को भी लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, जब वह टीवी पर आती हैं तो उनका खूबसूरत चेहरा और होंठ रुकते ही नहीं, मशीनगन की तरह चलते हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि लीविट बेखौफ काम करती हैं क्योंकि प्रशासन की नीतियां स्पष्ट हैं। उन्होंने विपक्ष की नीतियों पर तंज करते हुए कहा कि लीविट का काम आसान है, इसलिए वे विपक्ष की प्रेस सेक्रेटरी नहीं बनना चाहेंगी। ट्रम्प इससे पहले भी इसी तरह की टिप्पणी अगस्त में एक इंटरव्यू के दौरान कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, ह्लउनका चेहरा, उनका दिमाग, उनके होंठह्व वे मशीनगन की तरह चलते हैं। कैरोलीन लीविट 2019 से 2021 तक ट्रम्प प्रशासन में असिस्टेंट प्रेस सेक्रेटरी रह चुकी हैं। न्यू हैम्पशायर की रहने वाली लीविट रियल एस्टेट डेवलपर निकोलस रिक्कियो (60) की पत्नी हैं। उनके एक बेटा निको भी हैं।

## पाकिस्तान को 1.25 अरब डॉलर की मदद देगा अमेरिका; बलूचिस्तान में माइनिंग प्रोजेक्ट को फंड करेगा

अमेरिका ने पाकिस्तान को 1.25 अरब डॉलर की मदद देने का फैसला किया है। यह पैसा बलूचिस्तान में रेको डिक कॉपर-गोल्ड खान प्रोजेक्ट की फाइनेंसिंग के लिए मंजूर किया गया है। इसे वर एक्ट बैंक की मदद की दिया जा रहा है। कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत नैटली बेकर ने पर वीडियो पोस्ट कर बताया कि वर एक्ट बैंक अगले साल तक पाकिस्तान के माइनिंग सेक्टर में कुल 2 अरब डॉलर तक का निवेश करेगा। बेकर ने कहा कि यह फंडिंग रेको डिक में महत्वपूर्ण खनिजों के खनन में मदद करेगी। इस प्रोजेक्ट के तहत आने वाले सालों में 2 अरब डॉलर की अमेरिकी माइनिंग मशीनरी पाकिस्तान भेजी जाएगी। इससे अमेरिका में करीब 6000 नौकरियां और बलूचिस्तान में लगभग 7500 नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि रेको डिक प्रोजेक्ट एक ऐसा मॉडल है, जो अमेरिकी निर्यातकों और पाकिस्तान के स्थानीय समुदायों को फायदा देगा। अमेरिका ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में अमेरिकी और पाकिस्तानी कंपनियों के बीच खनन और अन्य खनिज क्षेत्रों में कई समझौते होंगे।



# पुतिन ने भारत की विविधता की तारीफ की; बोले- अनेकता में एकता को हमेशा बनाए रखना चाहिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में भारत की यात्रा को याद करते हुए भारत की एकता में विविधता की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी भाषाई और सांस्कृतिक विविधता है, जो उसे दुनिया में एक मजबूत देश बनाती है।

पुतिन ने कहा कि भारत में लगभग 1.5 अरब लोग रहते हैं और उनमें से करीब 50झ60 करोड़ लोग ही हिंदी बोलते हैं, बाकी कई भाषाएं बोलते हैं और कई बार एक-दूसरे को समझ भी नहीं पाते। इसके बावजूद देश एकजुट है, जो भारत की सबसे बड़ी खूबी है। उन्होंने कहा कि इस अनेकता में एकता को हमेशा बनाए रखना चाहिए।

रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत का संविधान अलग-अलग क्षेत्रों, भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुतिन पहले भी भारत और भारतीयों की प्रशंसा कर चुके हैं।


# दौड़ती कार के ऊपर प्लेन गिरा, अमेरिका में पायलट ने इमरजेंसी में सड़क पर उतारा, बाल-बाल बची ड्राइवर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फ्लोरिडा

अमेरिका के फ्लोरिडा में सोमवार को क्रैश लैंडिंग के दौरान एक प्लेन कार से टकरा गया। यह हादसा मेरिट आइलैंड के पास हुआ, जहां हाईवे पर एक छोटा विमान इमरजेंसी लैंडिंग करते हुए सीधा एक कार से टकरा गया। इस हादसे का वीडियो वायरल है।

बीचक्राफ्ट 55 मॉडल के इस छोटे प्लेन में उड़ान के दौरान अचानक खराबी आ गई। दोनों इंजनों में पावर खत्म होने लगी, तो 27 साल के पायलट ने प्लेन को मजबूरन हाईवे पर ही उतारने का फैसला किया। हाईवे पर ट्रैफिक था, इसलिए उतरते समय प्लेन एक टोयोटा कैमरी कार से टकरा गया।

कार को एक बुजुर्ग महिला चला रही थीं, जोकि इस घटना में घायल हो गई हैं। कार चला



रही महिला को हादसे के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें मामूली चोटें आई हैं।

### कार के डैशकैम में रिकॉर्ड हुआ वीडियो

इस पूरी घटना का वीडियो पीछे चल रही एक दूसरी कार के डैशकैम में कैद हो गया। इसमें दिखता है कि सड़क पर गोता लगाते हुए प्लेन इमरजेंसी लैंडिंग के प्रयास में सीधे कार से टकरा जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लेन में 2 लोग सवार थे। इनमें एक पायलट और एक यात्री शामिल है। फ्लोरिडा पेट्रोलिंग टीम ने बताया कि प्लेन उड़ा रहे पायलट और उसमें बैठे यात्री दोनों को कोई चोट नहीं आई है। ब्रेवार्ड काउंटी फायर रेस्क्यू के मुताबिक, विमान कथित तौर पर 201 मील मार्कर के पास हाइवे पर इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान संतुलन खोने के चलते वह कार से टकरा कर क्रैश हो गया।

## मोरक्को के फेज शहर में दो इमारतें ढहीं; अब तक 19 की मौत, 16 से ज्यादा घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन

मोरक्को के फेज शहर में बुधवार तड़के दो इमारतें ढह गईं। इस दुर्घटना में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

दोनों इमारतें एक-दूसरे से सटी हुई थीं। इनमें आठ परिवार रहते थे।



हादसे के बाद पुलिस, दमकल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंच गईं और मलबा हटाने का काम जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि राहत व बचाव अभियान अभी भी चल रहा है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब मोरक्को में खराब जीवन-स्तर, गरीबी और सार्वजनिक सेवाओं की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स, हाथ-2
21. होट, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

### ऊपर से नीचे

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | | 38 | | 27 | | 17 | – | 31 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 15 | | 25 | | 17 | – | 42 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 2 | | 2 | | 20 | – | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 13 | | 1 | | 50 | | 15 | – | 48 |
| – | ■ | – | ■ | – | ■ | – | ■ | – |
| 36 | | 22 | | 0 | | 5 | – | 79 / 19 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | म | मा | ईं | न | गे | ब्द | सिं | ह | क | वि |
| हा | न | सू | ह | म | ल | जी | स | ल | न | ज |
| सु | वी | गो | द | अं | बो | त | र | थ | ल | टी. |
| कु | र | दा | पा | ल | क | ह | बा | ह | व | ए |
| मा | जे. | न | घ | ख | म | मी | र | म्म | सी | स. |
| र | मी | ए | स | जि | स्वा | क | प | सिं | गु | कृ |
| से | ह | बु | म. | ठी | म | मी | टे | बी. | ह | ष्ण |
| न | पू | सु | पा | लिं | पं. | सौ | ल | बी. | ना | मू |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | ट | न | र्ति |
| आ | र. | के. | त्रि | वे | दी | दो | ह | ड | क | थ |
| टी. | ए | न | शे | ष | न | इ | ह | न | ह | थी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद बना 10 फीट ऊंचा शिवलिंग

उत्तराखंड के चमोली जिले में चीन सीमा से सटा टिम्मरसैंण महादेव एक रहस्यमय और अद्भुत स्थल है। यहां प्राकृतिक रूप से बर्फ से बने शिवलिंग के रूप में महादेव विराजमान हैं, जो अमरनाथ की गुफा में बर्फीले बाबा के समान दिखाई देते हैं। दिसंबर से मार्च तक यहां बर्फ से शिवलिंग का निर्माण होता है, जिस पर पहाड़ से लगातार जलधारा गिरती रहती है। यह दृश्य श्रद्धालुओं को अमरनाथ की याद दिलाता है और एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है।

यह मंदिर जोशीमठ से लगभग 100 किलोमीटर दूर, भारत-चीन सीमा पर स्थित अंतिम गांव नीति में स्थित है। दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद, स्थानीय लोगों के साथ-साथ सेना और आईटीबीपी के जवानों के लिए भी इस गुफा का विशेष महत्व है।

जोशीमठ-मलारी हाईवे से तीन किलोमीटर की पैदल यात्रा करके गुफा तक पहुंचा जा सकता है। दिल्ली से हरिद्वार या ऋषिकेश तक ट्रेन से यात्रा करें, फिर हरिद्वार या ऋषिकेश से बस या टैक्सी द्वारा जोशीमठ पहुंचे। जोशीमठ से नीती गांव की दूरी लगभग 75 किलोमीटर है, जहां परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# मिनी अमरनाथ में बाबा बर्फानी के हो रहे दर्शन, पहाड़ से लगातार गिरती है जलधारा





## शीतकालीन पर्यटन का केंद्र



बर्फ की सफेद चादर से ढकी नीती घाटी और टिम्मरसैंण महादेव गुफा क्रिसमस और नए साल के अवसर पर शीतकालीन पर्यटन के लिए एक आदर्श स्थल है। यहां पर्यटक प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। इस सीजन की पहली बर्फबारी के बाद नीती घाटी का मौसम सुहावना बना हुआ है, जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां बाबा बर्फानी सदियों से विराजमान हैं। सर्दियों में बर्फबारी के बाद यहां 10 फीट ऊंचा शिवलिंग बन जाता है, जो बर्फ पिघलने पर अपने मूल आकार में आ जाता है।

## पर्यटन विभाग को कराना चाहिए सौन्दर्यीकरण

हैदराबाद से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुंचे अभिषेक ने बताया कि बाबा बर्फानी के दर्शन कर बहुत अच्छा लगा। बहुत सुंदर मौसम है। यहां के बारे में सुना था, इस बार यहां आकर दर्शन करने का मौका मिला। यहां आकर मन को सुकून मिल रहा है। नैनीताल से पहुंचे मोहित ने कहा कि हर कोई यहां आकर आसानी से दर्शन कर सकता है। पर्यटन विभाग को इस स्थान में सौन्दर्यीकरण कराना चाहिए।

# सरकार के डर से नोबेल प्राइज नहीं ले पाई मचाडो, गिरफ्तारी का खतरा, छुपकर रह रहीं



## नोबेल कमेटी बोलीं- रास्ते में हैं, रात तक पहुंचेंगी

### मारिया मचाडो



**जन्म:** अक्टूबर 1967, कराकास, वेनेजुएला (उम्र: 58 साल)

**परिवार:** पति रिकाडो अरिस्टिगुएटा (तलाकशुदा), तीन बच्चे (विदेश में रहते हैं)

**शिक्षा:** इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में डिग्री, येल यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी कोर्स

**पेशा:** पहले इंजीनियर, फिर राजनीति में आईं

**पेशेवर जीवन**

- **2010:** सांसद बनीं, तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध जताया।
- **2014:** राष्ट्रपति मादुरो की आलोचना के कारण संसद से निलंबित।
- **2024:** राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की मुख्य नेता, पर सरकार ने रोक लगाई।
- **2024:** एडमुंडो गोंजालेज का समर्थन किया।

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो नोबेल शांति पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सकीं। मारिया की जगह उनकी बेटी एना कोरिना सोसा ने नॉर्वे के ओस्लो में यह पुरस्कार ग्रहण किया। एना ने समारोह में अपनी मां का लिखा हुआ भाषण भी पढ़ा।

मचाडो ने अपने लिखित संदेश में कहा कि लोकतंत्र और आजादी को बचाने के लिए संघर्ष जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार वेनेजुएला ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है।

मचाडो पर यात्रा प्रतिबंध लगा है। वह एक साल से भी ज्यादा समय से छिपकर रह रही हैं, इसलिए वे समय पर ओस्लो नहीं पहुंच सकीं। हालांकि नोबेल कमेटी के मुताबिक मचाडो रास्ते में हैं और रात तक ओस्लो पहुंच सकती हैं।

मचाडो को 10 अक्टूबर को वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाल करने के प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया था। पुरस्कार लेने के लिए मचाडो की मां और उनकी तीन बेटियां ओस्लो पहुंचीं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई समेत कई लैटिन अमेरिकी नेता भी समारोह में मौजूद रहे।

### मचाडो बोलीं- वेनेजुएला में तानाशाही बढ़ी

अपने लिखित भाषण में मचाडो ने कहा कि वेनेजुएला धीरे-धीरे तानाशाही की ओर चला गया और लोग इसे समय रहते समझ नहीं पाए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज और मौजूदा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर लोकतंत्र कमजोर करने का आरोप लगाया। 2024 में मचाडो को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था, जबकि उन्होंने विपक्षी प्राइमरी में बड़ी जीत हासिल की थी। इसके बाद सरकार की कार्रवाई बढ़ने पर वे 3 अगस्त 2024 से छिपकर रहने लगीं।

### मचाडो को कई पुरस्कार मिल चुके

2025 में लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने के लिए नोबेल पीस प्राइज मिला। 2024 सखारोव पुरस्कारः यूरोपीय संसद ने उन्हें और एडमुंडो गोंजालेज को लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह पुरस्कार दिया। 2024 वाच्लाव हावेल मानवाधिकार पुरस्कारः काउंसिल ऑफ यूरोप ने मानवाधिकारों के लिए उनकी मेहनत को सम्मानित किया।

■ वर्ष-12 अंक-39 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 11 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

अजरामरवत् प्राज्ञः विद्यामर्थं च साधयेत्।
गृहीत एव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।।

**भावार्थ** : यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आने वाली है, मनुष्य ने ज्ञान और धन प्राप्त कर लिया है; लेकिन मौत ने हमारे बाल पकड़ लिए हैं, इसे समझें और धर्म का पालन करें।

श्रियः प्रदुग्धे विपदो रुणद्धि यशांसि सूते मलिनं प्रमार्ष्टि।
संस्कारशौचेन परं पुनीते शुद्धा हि वुद्धिः किल कामधेनुः।।

**भावार्थ** : संपत्ति संपत्ति को धोखा देती है, संपत्ति संपत्ति है, पैसा दूसरों को धोखा देता है, और वाचा पवित्र होती है।

## सम्पादकीयम्

## कदा वयं राहतं प्राप्नुमः ?

खथस्य बिहारं गच्छन्तीषु रेलयानेषु विशालः जनसमूहः अस्ति, यत्र यात्रिकाणां स्थापनं वा स्क्वाटिंग वा गन्तव्यम् अस्ति। रेलमार्गेषु विशेषयानानां संख्या वर्धिता अस्ति, परन्तु सा पर्याप्तं न भवति। इयं समस्या रेलमार्गस्य आधारभूतसंरचनायाः प्रवासस्य च सम्बन्धितायाः, यस्य कृते दूरगामी तथा तत्काल उपाययोः आवश्यकता भवति। छथः आरब्धः, परन्तु बिहारस्य जनानां संघर्षः गृहं गन्तुं निरन्तरं वर्तते। रेलमार्गस्य मते अस्मिन् समये १२ सहस्राधिकानि विशेषयानानि चालितानि सन्ति तथा च गतवर्षस्य तुलने अस्मिन् समये विशेषयानानि ५६% अधिकानि यात्राः भविष्यन्ति। परन्तु बिहारं गच्छन्तः रेलयानाभ्यः आगच्छन्तः चित्राणि दर्शयन्ति यत् एताः व्यवस्थाः अपि पर्याप्तं सिद्धं न कुर्वन्ति इति। अमानवीययात्रा : बिहारस्य कस्मिन् अपि रेलयाने पादं स्थापयितुं अपि स्थानं नास्ति। आरक्षणं निरर्थकं जातम् अस्ति तथा च रात्रौ स्थायी वा स्क्वाट् करणं सामान्यम् अस्ति। यदा लोकसभा राहुलगान्धीनगरे विपक्षस्य नेता एतत् विषयं उत्थापितवान्, तदा तस्य प्रतिक्रियारूपेण रेलमार्गाः अवदन् यत् उत्सवेषु भाडेन गमनम् स्वाभाविकम् अस्ति तथा च विभागः यात्रिकाणां सुविधायै निरन्तरं प्रयत्नं कुर्वन् अस्ति। समस्यायाः पक्षाः : परन्तु, एषा स्थितिः केवलम् अस्मिन् समये एव अद्वितीया नास्ति। प्रतिवर्षं उत्सवेषु, विशेषतः चथ-नगरे, रेलयानेषु आसनं प्राप्तुं युद्धं जितुम्।

### हार्दिकपाण्ड्यस्य विस्फोटकेन दस्तकं भारतं उद्धारयति

# कोहली, रोहितः, सूर्यकुमारः च अभिजातषट्-हिर्ट-सूचौ सम्मिलिताः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटक

कटक-नगरस्य बाराबाटी-क्रीडाङ्गणे प्रथमः टी-२०-अन्तर्राष्ट्रीय-क्रीडायाः भारतीयक्रिकेट्-प्रेमिणां कृते भावानाम् एकः अद्वितीयः मिश्रणः-उत्साहः, तनावः, राहतं च आनयत् एकस्मिन् समये इदं प्रतीयते स्म यत् स्वस्य त्रुटिषु मग्नः टीम इण्डिया १५० धावनानि अपि न प्राप्स्यति इति। परन्तु तदा, चरणबद्धे हार्दिकपाण्ड्ये-स एव हार्दिकः यः त्रिमासस्य चोटपरिच्छेदात् दीर्घविरामात् च प्रत्यागत्य दबावं बलरूपेण परिणतुं जानाति। दक्षिण आफ्रिकाविरुद्धं तस्य अपराजितः ५९ रनस्य न केवलं भारतं सम्माननीयं कुलं प्राप्तुं साहाय्यं कृतवान् अपितु टी-२० क्रिकेट्-क्रीडायां भारतीयबल्लेबाजानां चयनितसमूहे अपि योजितवान् ये १०० तः अधिकानि षट्कं कृतवन्तः। रोहितशर्मा, सूर्यकुमारयादवः, विराटकोहली च अस्मिन् सूचौ पूर्वमेव आसन्, अधुना हार्दिकः तेषु सम्मिलितः अस्ति-एषः क्षणः बाराबातीरात्रिः स्मरणीयः अभवत्।

दक्षिण आफ्रिका टॉस्-क्रीडायां विजयं प्राप्तवान्, कप्तानः एडेन् मार्क्राम् च गेन्दबाजीं कर्तुं निर्वाचितवान्। एषः निर्णयः प्रारम्भे एव सम्यक सिद्धः यदा भारतीयः शीर्षक्रमः स्तब्धः अभवत्। शुबमन गिल चतुर्णां रनानाम् अनन्तरं प्रस्थितवान्, सूर्यकुमारयादवः च महती आशां कृत्वा अपि १२ रनात् परं प्रगतिम् अकरोत् प्रथमषड् ओवरेषु भारतस्य बल्लेबाजी कम्पितं दृश्यते स्म, जनसमूहः चिन्तां कर्तुं आरब्धवान् यत् दलं १५० अपि प्राप्तुं शक्नोति वा इति, प्रत्येकं ओवरेण सह दबावः वर्धमानः, विकेट् च पतति स्म, यदा हार्दिकः बल्लेबाजीं कर्तुं आगत्य ज्वारं परिवर्तयति स्म

तस्य पारीषु प्रत्येकं शॉट् इत्यनेन दर्शितं यत् हार्दिकः भारतीयदलस्य प्रमुखस्तम्भः किमर्थम् इति मन्यते। प्रथमेषु कतिपयेषु कन्दुकेषु सः कन्दुकस्य समयं एतावत् सटीकं कृतवान् यत् जनसमूहे निराशा आशारूपेण परिणतुं आरब्धा। तस्य पादगतिः, कन्दुकस्य दीर्घतां पठितुं क्षमता, अतुलनीयशक्तिप्रहारः च सः पूर्णतया सज्जः सन् प्रत्यागतवान् इति प्रमाणम् आसीत्। सः चतुर्णां चतुर्णां अतिरिक्तं चत्वारि विशालानि षट्कं कृतवान्, टी-२०-क्रीडासु १०० षट्-प्रहारं कृत्वा चतुर्थः भारतीयः खिलाडी अभवत्। एषा उपलब्धिः न केवलं तस्य आत्मविश्वासं वर्धयति स्म अपितु दलस्य क्षुब्धं मनोबलं अपि वर्धयति स्म। यथा यथा मेलनं प्रचलति स्म तथा तथा हार्दिकस्य आक्रामकता वर्धते स्म। सः क्षेत्रस्य प्रत्येकं कोणं प्रति शॉट् मारयति स्म-कदाचित् आवरणस्य उपरि, कदाचित् दीर्घ-उपरि, कदाचित् च सीधा गेन्दबाजस्य शिरसि। प्रतिकूलपरिस्थितौ अपि तस्य पारीयाः महत्त्वं सम्भवतः स्कोरकार्डं अतिक्रान्तम्। एषा पारी तस्य करियरस्य पुनरागमनं, दलस्य जीवनरेखा, विपक्षस्य चेतावनी च अभवत्।

### यायालयस्य अवलोकनं

## अनुसन्धानस्य त्वरितता, दस्तावेजानां प्रवेशस्य सुविधा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

अस्य अभावेऽपि न्यायिकसमुदायस्य अन्तः आँकडासुरक्षा, यन्त्रपक्षपातः, गोपनीयताभङ्गः, संवेदनशीलदस्तावेजानां एआइ विश्लेषणं च इति विषये चिन्ता निरन्तरं उत्थापिता अस्ति केचन विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत एआइ इत्यस्य सम्यक उपयोगेन न्यायालयेषु पश्चात्तापस्य न्यूनीकरणं, अनुसन्धानस्य त्वरितता, दस्तावेजानां प्रवेशस्य सुविधा च इत्यादीनि लाभाः प्राप्यन्ते, परन्तु एतदर्थं कठोरप्रोटोकॉलस्य पारदर्शकनियन्त्रणप्रणालीनां च आवश्यकता वर्तते न्यायालयस्य अवलोकनं यत् एआइ न्यायिकतर्कस्य स्थाने न शक्नोति इति व्यापकसन्दर्भे महत्त्वपूर्णं सन्देशं प्रसारयति-प्रौद्योगिक्याः सर्वेषां लाभानाम् अभावेऽपि न्यायिकप्रक्रियायाः मानवीयचरित्रं अपरिवर्तनीयं वर्तते। न्यायालयानाम् मौलिकं दायित्वं तथ्यानां, संवैधानिकसिद्धान्तानां, कानूनस्य मानकीकृतपरीक्षायाः च आधारेण निर्णयं दातुं भवति, एतत् कार्यं च एल्गोरिदमद्वारा कर्तुं न शक्यते अनेके कानूनीविशेषज्ञाः एतत् कथनं प्रौद्योगिकीसंक्रमणस्य युगे न्यायपालिकाद्वारा निर्धारिता लालरेखा इति पश्यन्ति। सुनवायीकाले न्यायालयेन अपि स्पष्टीकृतं यत् एतत् प्रौद्योगिकी-नवीनीकरणानां विरुद्धं नास्ति। अपितु न्यायव्यवस्थां अधिकं कार्यक्षमतां कर्तुं प्रौद्योगिक्याः महती भूमिका भवितुम्-अर्हति। परन्तु तस्य उपयोगे सुरक्षा, गोपनीयता, निष्पक्षता च सर्वोच्चप्राथमिकता दीयते। न्यायालयेन उक्तं यत् यदि याचिकाकर्तार्याः किमपि ठोससुझावः, चिन्ता, सुधारात्मकाः उपायाः वा सन्ति तर्हि ते तान् लिखितरूपेण प्रस्तुतुं शक्नुवन्ति, प्रशासनिकविभागः च तान् परीक्षयिष्यति। सर्वोच्चन्यायालयेन सार्वजनिकजनानाम्।

## येस् बैंक मार्गेण अनिल अम्बानी समूहस्य कम्पनीषु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

ईडी अन्वेषणेन ज्ञायते यत् आरएचएफएल तथा आरसीएफएल इत्येतयोः कृते ११,००० कोटिभ्यः अधिकं सार्वजनिकधनं प्राप्तम्। एतत् धनं येस् बैंक मार्गेण अनिल अम्बानी समूहस्य कम्पनीषु निवेशितम् आसीत्। अन्वेषणेन एतदपि ज्ञातं यत् सेबी-विनियमानाम् अनुसारं रिलायन्स् निप्पोन् म्यूचुअल् फण्ड् एतेषु कम्पनीषु प्रत्यक्षतया निवेशं कर्तुं न शक्नोति स्म। अतः येस् बैंकद्वारा धनं परिभ्रमणमार्गेण समूहकम्पनीभ्यः प्रेषितम्। तदनन्तरं सीबीआइ-संस्थायाः आरसीओएम, अनिल अम्बानी, इत्यादीनां विरुद्धं एफआईआर अपि पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम्। अनिल अम्बानी इत्ययं पूर्वं ईडी इत्यनेन बहुवारं प्रश्नार्थं आहूतः अस्ति। एतावता ईडी इत्यनेन रिलायन्स् कम्युनिकेशन्स्, आरएचएफएल, आरसीएफएल इत्येतयोः सम्बद्धेषु बैंक-धोखाधड़ी-प्रकरणेषु ८,९९७ कोटिरूप्यकाणां।

## राशिफल

**मेष** : रोजगार में नई तरक्कियों के रास्ते खुलेंगे। सेहत में सुधार रहेगा और मानसिक ऊर्जा भी बढ़ेगी।

**वृषभ** : परिवार में कोई नई खुशी या सदस्य आने की संभावना है, जिससे घर का माहौल प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** : सेहत में पहले से ज्यादा सुधार महसूस होगा। प्रेम-संतान के साथ रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कर्क** : ध्यान न रखने पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। अनावश्यक खर्च आपको कर्ज की स्थिति तक ले जा सकता है।

**सिंह** : किसी नए काम या संपर्क से भी पैसे आने के योग बन रहे हैं। यात्रा से शुभ समाचार या लाभ मिल सकता है।

**कन्या** : आपमें ज्ञान को समझने और सीखने की ऊर्जा बढ़ेगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद आपके हर काम में मदद करेगा।

**तुला** : यदि कोई मामला कोर्ट-कचहरी में चल रहा है तो जीत आपके पक्ष में रहने की पूरी संभावना है।

**वृश्चिक** : लेखक, कवि और रचनात्मक लोग आज अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। सेहत, प्रेम और व्यापार स्थिर और सकारात्मक रहेंगे।

**धनु** : नए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। सेहत मजबूत रहेगी और परिवार में सामंजस्य बना रहेगा।

**मकर** : कोई भी जोखिम भरा काम न करें। इसके बावजूद सेहत स्थिर रहेगी और प्रेम-संतान की स्थिति भी बढ़िया रहेगी।

**कुंभ** : सेहत में सुधार होगा और मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति संतोषजनक रहेगी।


**मीन** : भूमि, भवन या वाहन खरीदने का मजबूत योग बन रहा है। घर में हल्का-सा विवाद हो सकता है, इसलिए संयम रखें।

### ज्योतिष/वास्तु

# साल 2026 में इन 3 राशि वालों पर रहेगी राहु-केतु की छाया, करियर में आ सकती हैं दिक्कतें

साल 2026 में राहु-केतु का प्रभाव कुछ राशियों की मुश्किलें बढ़ा सकता है। इन जातकों को करियर, नौकरी, व्यापार और रिश्तों में समस्याएं आ सकती हैं।

साल 2026 में राहु-केतु का प्रभाव महत्वपूर्ण रहने वाला है। ये दोनों ही ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन करते हुए कुछ राशियों की किस्मत चमका सकते हैं, तो कुछ जातकों की समस्याएं भी बढ़ाएंगे। दरअसल, नववर्ष प्रारंभ होते ही केतु 29 मार्च 2026 को मघा नक्षत्र में गोचर करेंगें। इसके बाद 25 नवंबर, 2026 को अश्लेषा नक्षत्र में अपना स्थान लेंगे। फिर केतु 5 दिसंबर को कर्क राशि में एंट्री करेंगे। वहीं राहु 2 अगस्त 2026 को कुंभ राशि में रहकर धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 5 दिसंबर 2026 को राहु कुंभ से यात्रा को विराम देते हुए मकर में संचरण करेंगे। ऐसे में राहु-केतु का साल 2026 में गोचर इन राशि वालों की दिक्कतें बढ़ा सकता है। आइए इनके बारे में जानते हैं।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों को सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। आपको करियर से लेकर नौकरी में कुछ कठिनाइयां झेलनी पड़ सकती हैं। मेष राशि के जो लोग व्यवसाय से जुड़े हैं, उन्हें कारोबार में अचानक से मंदी देखने को मिलेगी। राहु-केतु का प्रभाव तनाव को बढ़ा सकता है। यही नहीं नौकरीपेशा लोगों की जिम्मेदारियों में अचानक से बड़ा बदलाव हो सकता है, जिस कारण आपका दिनचर्या प्रभावित होगा। प्रेम संबंध में उतावलेपन से बचें। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। व्यवसाय से जुड़े लोगों को मनचाहा लाभ पाने के लिए कठिन मेहनत और प्रयास करने होंगे अन्यथा दिक्कतें होंगी।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों को घर और बाहर तालमेल बिठाने में समस्याएं आएंगी। माता-पिता की तरफ से अपेक्षित समर्थन और सहयोग न मिल पाने के कारण भी मन खिन्न रहेगा। इस समय निवेश करना जोखिम भरा रहेगा। धन का लेनदेन न करना उचित रहने वाला है। इस दौरान प्रेम विवाह करने की इच्छा रखने वालों को कई तरह की कठिनाइयां झेलनी पड़ेगी। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को तबादले में परेशानियां देखने को मिल सकती हैं। कार्यों में सफलता न मिलने से आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। अपने सहकर्मियों से व्यवहार में सावधानी रखें।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों का समय पुराने विवादों में जा सकता है। अगर कोर्ट-कचहरी में कोई मामला चल रहा है, तो वह परेशान कर सकता है। व्यवसाय से जुड़े लोगों को जोखिम भरे निवेश से बचना होगा। इस साल किसी नए रिश्ते में आने से बचना होगा अन्यथा भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। इसी प्रकार धन के दुरुपयोग से बचें अन्यथा बजट गड़बड़ा सकता है। प्रेम संबंध में कोई भी ऐसा कदम न उठाएं।अपनी दिनचर्या और खानपान सही रखें। नौकरीपेशा लोगों को कामकाज के सिलसिले में अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। साथ ही प्रमोशन के लिए भी अधिक मेहनत करनी होगी। धन का प्रबंधन करके चलने की आवश्यकता रहेगी।

## खबर एक नजर...

### केन्द्रीय जेल में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में बुधवार को मानव अधिकार दिवस मनाया गया। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि कार्यक्रम में आदित्य मानव विकास शोध संस्थान की अध्यक्ष डॉ. अंजना शुक्ला उपस्थित रही। उन्होंने संस्थान की ओर से जेल अस्पताल के लिये 10 गद्दे भेंट किये। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मानव अधिकारों के बारे में बताया। तत्पश्चात जेल प्रशासन की ओर से जेल में परिरुद्ध बंदियों के मानव अधिकारों की सुरक्षा की बात और बंदियों के पुनर्वास, उत्थान के लिये चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जसमनसिंह डावर उपअधीक्षक (प्रशासन), सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय, प्रिंससिंह सहायक अधीक्षक सहित जेल स्टॉफ और बंदी मौजूद रहे।

### हिरासत में दादा बताकर रुपए मांगने वाला बदमाश

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल का दादा बताकर बदमाश अनिल उर्फ सिद्धू पिता सुरेशचंद्र ने मंगलवार को दूध लेकर घर लौट रहे अनस कुरेशी को रोक लिया था और शराब पीने के रूपयों की मांग करने लगा था। अनस के मना करने पर बदमाश ने लात-घूंसों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। अनस की शिकायत पर देवासगेट थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बदमाश की तलाश के लिये प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र प्रधान, आरक्षक सुमित, विनोद, राजेश, शैलेश, तरुण, सुनील और सोनू को हीरामिल की चाल रवाना किया। 24 घंटे की तलाश के बाद बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी पाराशर ने बताया कि बदमाश अपराधिक प्रवृति का है। जिसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है। बदमाश आये दिन क्षेत्र में भय और अशांति का वातावरण निर्मित करता है। जिसके खिलाफ आवश्यक धाराओं में कार्रवाई की गई है।

### पाइप लाइन फूटने पर परिवार के 2 पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम पाट में आंजना परिवार के मांगीलाल पिता चंदर आंजना और विजयसिंह पिता मालकसिंह आंजना के बीच पाइप लाइन फूटने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के परिवार विवाद में शामिल हो गये और एक-दूसरे पर लात-घूंसों डंडो से हमला किया। मामला थाने पहुंचने पर मांगीलाल ने आरोप लगाया कि घर के अंदर पाइप लाइन फोड़ दी गई थी। वहीं विजय का आरोप था कि जबरन पाइप फोड़ने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने दोनों की ओर से क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### जहर खाकर 3 लोगों ने किया जान देने का प्रयास

**उज्जैन।** बुधवार को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले 2 युवकों और एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। तीनों को हालत बिगड़ने के बाद परिजन ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल स्टॉफ ने बताया कि पहला मामला कोयला फाटक क्षेत्र से कोमल पति मुकेश 32 वर्ष का है। जिसे परिजन उपचार के लिये लेकर आये थे। दूसरा मामला कमल कालोनी के रहने वाले महेन्द्र पिता रामकांत 28 वर्ष और तीसरा संदीप पिता हुकुमसिंह 19 वर्ष निवासी वमाजी का कुआं पंवासा का है। तीनों का उपचार चल रहा है। तीनों की जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हलत की सूचना चिमनगंज-पंवासा थाना पुलिस को दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 890-7 | 350-8 |
| मेन बाजार | 235-0 | 168-5 |
| मिलन डे | 149-4 | 490-3 |
| मिलन नाइट | 148-3 | 380-1 |

2 3 8

## काम की तलाश में आकर चुराये थे 40 हजार और बाइक

# 5 हजार का इनामी बदमाश 2 साल बाद गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

काम की तलाश में आकर होटल के काउंटर से 40 हजार और बाहर खड़ी बाइक चोरी कर भागे बदमाश को 2 साल बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद लगातार फरार चलने पर उसकी गिरफ्तारी पर एसपी प्रदीप शर्मा ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि 10 जून 2023 को थाना क्षेत्र में शिवकृपा होटल संचालित करने वाले धर्मेन्द्र पिता धीरजसिंह राजपूत निवासी ग्राम आसेर थाना कायथा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके काउंटर के गल्ले से 40 हजार रुपए नगद और बाहर खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईआर 9704 के साथ 2 मोबाइल चोरी कर युवक भाग निकला है। मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। जांच में आरोपी का नाम मोहम्मद शादाब उर्फ राजू पिता मोहम्मद नवाब निवासी निवासी ग्राम बरोदा निंदुरा, लालगोपालगंज थाना हथिगवा, तहसील कुंडा, जिला प्रतापगढ़ (उ.प्र.) सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। बदमाश की लगातार तलाश जारी थी। इस दौरान 2 साल बाद प्रधान आरक्षक वैभवसिंह को आरोपी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। प्रधान आरक्षक ने आरक्षक अल्केश, चैनसिंह राठौर, आनंदीलाल और अभिषेक के साथ गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये। उत्तरप्रदेश पुलिस से संपर्क किया गया, मंगलवार शाम फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया।



### 4 माह बाद प्रयागराज में मिली थी बाइक

थाना प्रभारी बादल ने बताया कि बाइक, नगदी और मोबाइल चोरी कर भागे बदमाश की तलाश लगातार की जा रही थी, इस बीच चोरी के 4 माह बाद अक्टूबर 2023 में खबर सामने आई थी कि उज्जैन से चोरी हुई बाइक के साथ युवक प्रयागराज थाना सिविल लाइन कमिश्नरेट की हिरासत में आया है। जिससे बाइक जप्त की गई है। युवक को कोर्ट में पेश किया गया है। उज्जैन पुलिस बदमाश की गिरफ्तारी के लिये प्रयागराज पहुंचती बदमाश युवक को जमानत मिल गई थी। पुलिस बाइक जप्त कर उज्जैन ले आई थी लेकिन आरोपी फरार हो गया था।

### दोनो मोबाइल बेचे, खर्च किये रुपए

बताया जा रहा है कि 2 साल बाद इनामी आरोपी के हिरासत में आने पर उससे चुराये गये रुपयों और मोबाइल बरामदगी के प्रयास किये गये तो उसने कबूल किया कि दोनों मोबाइल ट्रक चालक को बेच दिये थे। वहीं रुपए खर्च कर दिये है। जिसके चलते उससे बरामदगी नहीं हो पाई।

# बाथरूम में रस्सी के फंदे पर लटकी मिला नवविवाहिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


मासूम बेटी को कमरे में छोड़कर नवविवाहिता ने बाथरूम में शॉवर से रस्सी बांध फांसी लगा ली। परिजनों को घटना का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। एफएसएल जांच के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर नवविवाहिता का पोस्टमार्टम कराया है।



चिमनगंज थाना एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर को यादव नगर में रहने वाली मुस्कान पति तरूण प्रजापत 24 साल का शव रस्सी के फंदे पर बाथरूम में शॉवर से लटका होने की खबर मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया। घटनास्थल पर जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल भेजा गया। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि मुस्कान एक बेटी की मां थी, कुछ साल पहले ही शादी हुई थी, मायके विजयागंजमंडी के पास का है। पति तरूण लॉन्ड्री का काम करता है, घटना के समय वह काम से गया हुआ था। परिवार ने घर में किसी भी प्रकार की परेशानी होने से इंकार किया। मुस्कान के मायके पक्ष को सूचना दी गई थी, जिनके आने पर शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिये सौंपा गया। एएसआई विश्वकर्मा के अनुसार प्रारंभिक जांच में फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद पता चल पायेगा कि नवविवाहिता ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है।

# जहरीली गोलियां खाते हुए युवक ने बनाया वीडियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई। २ दिन बाद पति ने जहरीली गोलियां खाते हुए विडियो बनाया और सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर दिया। कुछ देर बाद पत्नी ने इंस्टाग्राम पर रील देखी तो परिवार को बताया। लेकिन काफी देर हो गई थी। डॉक्टर जान नही बचा पाये।

भेरूगढ़ थाना एएसआई जितेंद्र गोसर ने बताया कि मंगलवार रात अस्पताल से सूचना मिलने पर गिट्टी खदान पर काम करने वाले देवीलाल पिता भेरूलाल निनामा २७ वर्ष निवासी श्री राम कॉलोनी की जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने पर मर्ग कायम किया गया और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि देवीलाल ने जहरीली गोलियां खाते हुए मोबाइल पर वीडियो बनाया है और सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

**पत्नी गई थी मायके, भाई अस्पताल लेकर आया**

इंस्टा पर जहरीली गोली खाने की रील पत्नी रानी ने देखी थी और पति के छोटे भाई कुलदीप को घर भेजा था। कुलदीप ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर भाई देवीलाल और भाभी रानी के बीच तीन दिन पहले विवाद हुआ था। भाभी बच्चों को लेकर मायके जबरन कॉलोनी चली गई थी। इसी वियोग में संभवत का देवीलाल ने मौत को गले लगाया है। एएसआई के अनुसार परिवार के गमगीन होने पर बयान दर्ज नही किये है। मृतक का मोबाइल जप्त कर जांच में लिया जाएगा।

### स्लोगन के साथ शेयर किया वीडियो

देवीलाल ने वीडियो बनाने के साथ वॉइस आवाज का स्लोगन शेयर किया जिसमें सुनाई दे रहा था कि तुम खुश हो ना तुमने जो चाहा वह हो गया। हम एक दूसरे से दूर हो गए। एक बात याद रखना दुनिया में कितना भी प्यार करने वाला मिल जाए लेकिन एक दिन तुम मेरे जैसा प्यार पाने के लिए तरस जाओगी। मृतक देवीलाल के ससुर रामकिशन ने बताया कि शादी को ८ साल हो चुके थे। परिवार में ऐसा कोई विवाद नहीं था कि दामाद इतना बड़ा कदम उठा ले।

# बबूल के 12 पेड़ काटकर चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेत में लगे हरे भरे बबूल के पेड़ काटकर चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही से 40 क्विंटल लकड़ी के साथ चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी जप्त किया गया है। चारों को कोर्ट में पेश किया गया, यहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 7 अक्टूबर को रंगारखेड़ी में रहने वाले नासिर पिता कासम खां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका खेत ग्राम शेखरपुर में है। शाम को खेत पर पहुंचा तो 12 बबूल के पेड़ कटे थे। रात मे कोई चोरी कर ले गया है। मामले में धारा 303 (2) बीएनएस और वन अधिनियम की धारा 41 मे प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। लकड़ी चोरी करने वाले आरोपीयों की तलाश के लिए एएसआई राजेन्द्र सिंह हाड़ा, सुनिल देवके, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक शोभित शुक्ला, कैलाश गरवाल, अश्विनी पाठक , हितेश हाड़ा, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम बनाई गई।आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया और मुखबीर तंत्र को अलर्ट पर रखा गया। दो माह बाद पता चला कि लकड़ी काटकर चोरी करने की वारदात ग्राम उमरिया के चार लोगों द्वारा की गई है। टीम को चारों की घेराबंदी के लिए रवाना किया गया और उस्मान पिता अल्लानूर खां 55 साल, करामत पिता अल्लानूर खां 40 साल, आरिफ पिता उस्मान खां 28 साल और शाहरुख पिता उस्मान खां 25 साल जाति नायता पटेल निवासी ग्राम उमरिया को हिरासत में लिया गया। चारों से पूछताछ के बाद हरे भरे पेड़ काटकर बबुल की लकड़ी चोरी करने के मामले का खुलासा हो गया।





### 6 लाख का ट्रैक्टर, 80 हजार की लकड़ी

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा काटे गए पेड़ की 40 क्विंटल लकड़ी 80 हजार रुपए कीमत की बरामद की गई है। वही चोरी में प्रयुक्त किया गया ट्रैक्टर 6 लाख कीमत और पेड़ काटने का औजार भी जप्त हुआ है। चारों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज है। सभी को बुधवार होकर न्यायालय में भेज कर जेल भेजा गया है। बताया यह भी जा रहा है कि आरोपी और लकड़ी चोरी की शिकायत दर्ज करने वाले ग्रामीण के बीच पुराना विवाद चल रहा है। जिसके चलते चोरी को अंजाम दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com